उज्जैन
मंगलवार
03
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-120
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

## 45 दिन में लागू होगा 7वां वेतन आयोग और युवाओं को मिलेगी उम्र छूट



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के सरकारी कर्मचारियों और युवाओं के लिए कई बड़े वादे किए। शाह ने स्पष्ट कहा कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो 45 दिनों के भीतर 7वां वेतन आयोग लागू कर दिया जाएगा और लंबे समय से अटकी सरकारी नौकरियों की प्रक्रिया तेज की जाएगी। दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर में आयोजित रैली में अमित शाह ने कहा कि पूरे देश में सरकारी कर्मचारी 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन पा रहे हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल के कर्मचारी अब भी 6वें वेतन आयोग के तहत वेतन ले रहे हैं।

## भारत रूस से 5 एस-400 सुदर्शन डिफेंस सिस्टम खरीदेगा


**नई दिल्ली।** भारत रूस से 5 नए एस-400 सुदर्शन एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने की तैयारी में है। रक्षा मंत्रालय जल्द ही वायुसेना के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए आगे बढ़ाएगा। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के आधार पर सोमवार को बताया कि पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 सिस्टम के प्रदर्शन के बाद और खरीदने का निर्णय लिया गया है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि नए सिस्टम को पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। इससे चीन और पाकिस्तान, दोनों मोर्चों पर भारत की हवाई सुरक्षा क्षमता मजबूत होगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान र-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मार गिराया था।

## खामेनेई की हत्या पर दिल्ली की चुप्पी से हैरानी: सोनिया गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर कड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा- यह चुप्पी तटस्थता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है। सोनिया गांधी का एडिटोरियल आज इंडियन एक्सप्रेस में छपा है। उन्होंने लिखा- 1 मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजराइल के टारगेटेड अटैक में हत्या कर दी गई। वर्तमान में जारी कूटनीतिक चर्चा के बीच किसी वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष की हत्या समकालीन अंतरराष्ट्रीय संबंधों में गंभीर टूट है।

## होली पर्व पर दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय में अवकाश रहेगा



होली-धुलेंडी पर अपने सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभचिंतकों को बधाई। रंगों का त्यौहार होली के अवसर पर दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय में दिनांक 4 मार्च 2026 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 5 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-संपादक

### महाकाल मंदिर में आज ही होली

# भस्मारती में उड़ा हर्बल गुलाल

## चंद्र ग्रहण के कारण बदला भोग का नियम, खुले रहेंगे पट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। चंद्र ग्रहण होने की वजह से कई स्थानों पर धुलेंडी पर्व मनाने को लेकर असमंजस की स्थिति बन रही है। हालांकि, तड़के 4 बजे भस्मारती के दौरान बाबा महाकाल के साथ पुजारी-पुरोहितों ने हर्बल गुलाल से होली खेली। भगवान शिव के परिवार माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय को भी गुलाल अर्पित किया गया।

भगवान महाकाल का हरि ओम जल से अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शकर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। नंदी जी का स्नान, ध्यान और पूजन हुआ। भगवान महाकाल ने शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाला, रुद्राक्ष की माला व सुगंधित पुष्पों से बनी माला धारण की। भांग, फल और मिठाई का भोग लगाया गया।

परंपरा अनुसार, धुलेंडी के अवसर पर भस्मारती में सर्वप्रथम पुजारी-पुरोहितों द्वारा बाबा महाकाल को गुलाल अर्पित किया गया। इस दौरान नंदी जी को भी गुलाल चढ़ाया गया। फिर भक्तों पर भी गुलाल उड़ाया गया। धुलेंडी पर्व पर चंद्र ग्रहण होने के कारण महाकाल मंदिर में भस्मारती से लेकर शाम को ग्रहण समाप्त होने तक पट बंद नहीं किए जाएंगे। इस दौरान श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे। हालांकि, सुबह भगवान को नियमित भोग नहीं लगाया जाएगा। ग्रहण समाप्ति के बाद मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा।



## आलोट से लौटते समय दुर्घटना में युवक की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर रोड

ग्राम लाखा खेड़ी नाहरपुर निवासी विशाल पिता जगदीश 20 वर्ष की सोमवार की रात्रि में आलोट (रतलाम) से गेहूं बेचकर वापस लौटते समय ग्राम अरनिया चीबड़ी के नजदीक ट्रैक्टर ट्राली पलटने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विशाल लाखा खेड़ी नाहरपुर का निवासी होकर वर्तमान में ग्राम दुबली में अपने मामा के यहां रहता था। परिजनों के अनुसार विशाल एक गल्ला व्यापारी के यहां काम करता था तथा व्यापारिक के गेहूं को लेकर आलोट गया हुआ था, जहां से रात्रि में लौटते समय उसके साथ ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवाने महिदपुर शासकीय चिकित्सालय भेजा गया।

## होली मनाने जा रहे पति-पत्नी समेत 6 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हाथरस

यूपी के हाथरस में यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के डबल डेकर बस ने चलती ईको वैन को पीछे टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी समेत 6 लोगों की मौत हो गई, 7 लोग घायल हो गए। मृतकों में 3 आगरा और 3 राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले थे। होली के लिए घर जा रहे थे।

बस दिल्ली से गोरखपुर, जबकि वैन दिल्ली से धौलपुर जा रही थी। ओवरटेक करने की कोशिश करते वक्त टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन उछलकर 10 फीट दूर गिरी। उसका पिछला हिस्सा चकनाचूर हो गया। गनीमत रही कि बस सवार यात्रियों को




चोट नहीं आई।

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सड़क पर लाशें बिछ गईं। एक्सप्रेस-वे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस अफसर पहुंचे। घायलों को तत्काल खंदौली सीएचसी भिजवाया। जहां से तीन को आगरा रेफर कर दिया। हादसा सादाबाद कोतवाली क्षेत्र में हुआ।

### मध्यप्रदेश के 12 लाख कर्मचारी-पेंशनर्स का डीए 3% बढ़ा

# अब 58 फीसदी मिलेगा महंगाई भत्ता

## सीएम बोले- 6 किस्तों में देंगे एरियर्स की राशि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मप्र सरकार ने होली से पहले कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार शाम को राज्य कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा की है। इसके दायरे में प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारी-अधिकारी और करीब 4.50 लाख पेंशनर्स आएंगे।

बढ़ोतरी के बाद अब कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। साथ ही पेंशनर्स को भी समान दर से महंगाई राहत दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बढ़े हुए महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि 6 समान किस्तों में मई से दी जाएगी। इससे कर्मचारियों को चरणबद्ध लाभ मिलेगा और सरकार पर एकमुश्त वित्तीय दबाव नहीं पड़ेगा।

प्रदेश के कर्मचारियों को अब तक 55 प्रतिशत डीए मिल रहा था, जबकि केंद्र सरकार 58 प्रतिशत दे रही है। लंबे समय से केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने की मांग की जा रही थी, जिस पर अब सरकार ने निर्णय ले लिया है।

### कर्मचारी संघ ने कहा- 8 महीने के इंतजार के बाद राहत

- मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने 8 माह बाद 3% महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 से प्रदेश शासन के करीब 7.50 लाख कर्मचारियों को 3% महंगाई भत्ता देने के निर्णय का स्वागत है।
- तिवारी ने यह भी मांग की कि जुलाई 2025 से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महंगाई राहत (डीआर) देने पर भी सरकार पुनर्विचार करे। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 से फरवरी 2026 तक लगातार मांग के बावजूद निर्णय नहीं होने से कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री की घोषणा से कर्मचारी वर्ग में खुशी की लहर है।

### सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया

# पिछले दो वर्षों में 57 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव घटकर महज 2 हजार करोड़ रुपये रह गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा मुख्यमंत्री जनता के पैसों से स्विट्जरलैंड गए, दुबई गए, जापान गए, इंग्लैंड गए, जर्मनी गए। प्रदेश में बड़े बड़े इन्वेस्टमेंट समिट करवाए, सैकड़ों करोड़ रुपये इवेंटों में खर्च किए। लेकिन मध्य प्रदेश के हाथ कुछ नहीं आया।

**क्राइम और करप्शन में मध्य प्रदेश को देश की राजधानी बना**

सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले दो वर्षों में 57 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव घटकर महज 2 हजार करोड़ रुपये रह गए हैं। क्राइम और करप्शन में मुख्यमंत्री जी ने मध्य प्रदेश को देश की राजधानी बना दिया है, जिसके अब सभी बड़े उद्योग मध्य प्रदेश में आने से मुंह मोड़ रहे हैं।

मध्य प्रदेश निवेश की दृष्टि से देश के सबसे संभावनाशील राज्यों में है। प्रदेश के पास प्रचुर प्राकृतिक संसाधन, विशाल भूमि उपलब्धता और देश के केंद्र में स्थित होने का भौगोलिक लाभ है, जो लॉजिस्टिक्स और उद्योग स्थापना के लिए अत्यंत अनुकूल है। इसके साथ ही खनिज संपदा और कृषि आधारित उद्योगों की अपार संभावनाएं भी मध्य प्रदेश को निवेश के लिए स्वाभाविक रूप से आकर्षक बनाती हैं। लेकिन फिर भी भाजपा के भ्रष्टाचार, बुनियादी सुविधाओं के अभाव और कुशासन के कारण सरकार प्रदेश में निवेश लाने में समर्थ नहीं है।



## खबर एक नजर...

### पानी की बोतल लाने की बात पर युवकों में विवाद

**उज्जैन।** नागदा के पाल्या स्थित तेजाजी मंदिर के पास पानी की बोतल लाने की बात पर ध्रुव पिता भगवानसिंह रघुवंशी निवासी ओझा कालोनी और ईश्वर पिता मोहनसिंह निवासी इंदिरा चौक नागदा के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे को पानी की बोतल लाने के लिये कहा था, इसी बात पर कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट में बदल गया। ईश्वर ने अपने साथियों के साथ मिलकर ध्रुव से मारपीट की वहीं ध्रुव ने ईश्वर के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर

**उज्जैन** ग्राम गंगेडी में हनुमान मंदिर के सामने तेजगति से दौड़ी कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक विनोद पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी बृजराजखेड़ी चला रहा था। जिसका संतुलन बिगड़ने पर बाइक पर पीछे बैठी वृद्ध मां भागवंताबाई गिरने से गंभीर घायल हो गई। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने मामले में विनोद की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकला था।

### पुराने विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** पुराने विवाद में सोमवार शाम युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घायल युवक को शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम की सूचना मिलने पर पुलिस घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि चरक अस्पताल से बेगमपुरा में रहने वाले शादाब पिता मोहम्मद सईद 22 साल निवासी बेगमपुरा को घायल हालत में लाने की सूचना मिली थी। अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि वह कबाड़े का काम करता है और उसे नलियाबाखल में तनवीर ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू मारा है। कुछ दिनों पहले तनवीर को घर के बाहर बैठने पर मना किया था, जिसके चलते विवाद हुआ था। उसी विवाद को लेकर नलियाबाखल में रोक हमला किया गया। एएसआई कनौजिया के अनुसार बयान दर्ज मामला जांच में लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

### वार्ड 9 में लापरवाही पर स्वच्छता निरीक्षक व प्रभारी दारोगा को शोकॉज नोटिस जारी

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 9 में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार को प्रातः सफाई व्यवस्थाओं के लेकर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड अंतर्गत नयापुरा जैन मंदिर के समीप कई स्थानों पर अत्यधिक गंदगी पाई गई। साथ ही कई स्थलों पर कचरे के ढेर पाए गए, जिसको लेकर निगम आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक सेक्टर 2 अब्दुल हमीद, प्र. दरोगा वार्ड 9 फिरोज बाबू खान को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त स्वास्थ्य संजेश गुप्ता ने कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

### महिला मंडल की अध्यक्ष बनी ममता अग्रवाल

**उज्जैन।** अग्रवाल महिला मंडल ने वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें ममता अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया है। साथ ही मीना गर्ग सचिव और आभा गर्ग को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल की वरिष्ठ सदस्य सरोज अग्रवाल और हेमलता गुप्ता ने बताया नई कार्यकारिणी के चयन पर सभी महिला मंडल सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

---

## महाकाल मंदिर में होलिका दहन के साथ होली पर्व शुरू

# वैदिक मंत्रों से जली होली, आरती के समय में होगा बदलाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देश में होली का पर्व सोमवार को सबसे पहले उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में मनाया गया। परंपरा के अनुसार इस बार भगवान महाकाल को केवल एक किलो हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया गया। संध्या आरती के दौरान पुजारी ने भगवान को गुलाल अर्पित किया। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर में गोबर के उपलों से बनी होलिका का दहन किया गया। सुरक्षा कारणों से इस बार भी आम श्रद्धालुओं को होलिका दहन स्थल के पास जाने की अनुमति नहीं दी गई। पूर्व में हुई आग की घटना को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष सावधानी बरतते हुए यह फैसला लिया है। होलिका दहन में संभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें।

**धुलेंडी पर विशेष शृंगार और भस्म आरती-** महाकाल मंदिर में धुलेंडी का पर्व मंगलवार को ही मनाया जाएगा। इस दौरान तड़के सुबह 4 बजे होने वाली भस्म आरती में सबसे पहले भगवान महाकाल को गुलाल लगाया जाएगा। इसके बाद भगवान का भांग और चंदन से विशेष शृंगार किया जाएगा।



मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा के अनुसार, महाकाल मंदिर में सबसे पहले होली मनाने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है, जिसमें भगवान को प्रतीकात्मक रूप से गुलाल अर्पित किया जाता है।

**आरती के समय में होगा बदलाव-** महाकाल मंदिर में साल में दो बार भगवान की दिनचर्या में बदलाव होता है। कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से ठंड के अनुसार आरती का समय होता है। वहीं चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से गर्मी के अनुसार आरती का समय तय होता है। इस बार चैत्र कृष्ण प्रतिपदा 3 मार्च (होली के दूसरे दिन) से भगवान महाकाल की दिनचर्या में भी बदलाव आएगा। इस दिन से गर्मी की शुरूआत मानी जाती है। भगवान महाकाल को ठंडे जल से स्नान कराया जाएगा। ठंडे जल से स्नान का क्रम शरद पूर्णिमा तक रहेगा। इस दौरान प्रतिदिन होने वाली पांच में से तीन आरती का समय भी बदल जाएगा।

**ग्रहण के दौरान विशेष नियम-** ग्रहण के सूतक काल में मंदिर के पट खुले रहेंगे, लेकिन नियमित भोग नहीं लगाया जाएगा। भगवान को केवल शक्कर का भोग अर्पित किया जाएगा। ग्रहण खत्म होने के बाद मंदिर की शुद्धि कर पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी।

### मंदिर परिसर में रंग लाने पर प्रतिबंध

- श्रद्धालुओं को रंग-गुलाल लेकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
- पुजारी, कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी भी रंग लेकर प्रवेश नहीं करेंगे।
- सभी प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच की जाएगी।
- मंदिर परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी।
- मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि होली का पर्व मंदिर की गरिमा के अनुरूप शांति, श्रद्धा और सौहार्द के साथ मनाएं।

### भद्रा में होगा होलिका का दहन

- फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका का पूजन माना जाता है।
- इस बार भद्रा भू लोक पर है, प्रदोष काल के समय होलिका का पूजन करना श्रेष्ठ होगा।
- इससे नकारात्मक ऊर्जा का निराकरण होता है। सिंह राशि की भद्रा भूलोक पर मानी जाती है।
- शाम 5:55 पर भद्रा लगेगी अगले दिन सुबह 4:28 बजे तक रहेगी। (ज्योतिष पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार )

---

## डीआरयूसीसी सदस्य राजेश शर्मा की माँग

# उज्जैन रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध हो महाकाल बाबा का प्रसाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में प्रतिदिन हजारों रेलयात्रियों का आगमन हो रहा है। चारों दिशाओं से आने वाले इन श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र विश्वविख्यात महाकालेश्वर मंदिर है। बाबा महाकाल के दर्शन मात्र से भक्त अपने जीवन को धन्य मानते हैं और उनका प्रसाद साथ ले जाना अपना परम सौभाग्य समझते हैं।

रतलाम मण्डल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने माँग उठाई है कि उज्जैन रेलवे स्टेशन पर महाकाल बाबा का अधिकृत प्रसाद काउंटर स्थापित किया जाय, ताकि दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान हो सके।

उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले अनेक रेलयात्रियों विशेषकर उम्रदराज, दिव्यांग एवं अकेली महिला यात्रियों को भारी भीड़, समयाभाव और वापसी की जल्दबाजी के कारण चाहकर भी मंदिर से प्रसाद लेने का अवसर नहीं मिल पाता है, इसके अलावा उज्जैन से होकर गुजरने वाली अनेक लंबी दूरी की ट्रेनों के यात्री भी स्टेशन पर ही श्रद्धापूर्वक बाबा को नमन करते हैं, किन्तु प्रसाद प्राप्त करने की उनकी पवित्र इच्छा अधुरी रह जाती है।




उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी से महाकाल बाबा का प्रसाद डाक विभाग के माध्यम से शहरवासियों तक घर घर पहुंचाने की व्यवस्था प्रारंभ हो चुकी है जिसे एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

ऐसे में सवाल उठता है कि जब महाकाल बाबा का प्रसाद शहर में घर घर पहुंचाया जा सकता है तो देशभर से उज्जैन से गुजरने वाले रेलयात्रियों को स्टेशन पर यह सुविधा क्यों नहीं उपलब्ध कराई जा सकती है। वर्तमान में उज्जैन रेलवे स्टेशन परिसर में श्री महाकालेश्वर भक्ति भंडार और महाकाल पूजन सामग्री केंद्र नामक दुकानें संचालित है जहाँ मंदिर में उपयोग होने वाली प्रमुख सामग्री, एवं धार्मिक वस्त्र उपलब्ध हैं, नहीं उपलब्ध है तो वह है महाकाल बाबा का प्रसाद। श्री शर्मा ने बताया कि 21 जनवरी को रतलाम मण्डल की उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में यह प्रस्ताव रेल प्रशासन के समक्ष रखा था। अब पुनः निवेदन है कि श्रद्धालुओं की आस्था और भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उज्जैन रेलवे स्टेशन पर शीघ्र ही महाकाल बाबा के अधिकृत प्रसाद की व्यवस्था की जाए।

---

# होली मिलन समारोह और रंगपंचमी गेर की रूपरेखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बलाई समाज युवा संघ के तत्वावधान में होली मिलन समारोह और रंगपंचमी गेर को लेकर बैठक हुई। युवा संघ अध्यक्ष विशाल राठौर के नेतृत्व में हुई बैठक में आगामी त्योहारों को लेकर विस्तार से चर्चा की और रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में समाजसेवी हजारीलाल मालवी, मुकेश मालवी, बीएल चौहान, राजकुमार पटेल, विजय परमार, गजेंद्र हिरवे, ललित परमार, लखन परमार, राजेंद्र राठौड़ सहित समाज के कई प्रमुख लोगों ने बैठक में सहभागिता की। आभार पवन सिरोंज ने माना।

# फार्मासिस्ट जोगलेकर का जिला कुष्ठ कार्यालय में किया सम्मान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला कुष्ठ कार्यालय के फार्मासिस्ट संजय जोगलेकर 40 साल की सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने उनके कार्यकाल की सराहना की। संचालन करते हुए न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी ने कहा कि जोगलेकर ने अनुशासन के साथ काम किया और सेवाओं में निरंतरता बनाए रखी।

---

# इस्कॉन से निकाला नगर संकीर्तन, हरे रामा हरे कृष्णा की धुन पर झूमे भक्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) परिसर में श्री चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य महोत्सव श्री गौर पूर्णिमा का तीन दिवसीय आयोजन सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन सुबह 8 बजे श्री गौर कथा से शुरूआत की गई। शाम 5 बजे नगर संकीर्तन निकाला गया। जिसमें



भक्त हरिनाम संकीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होकर मंदिर पहुंचे। शाम 7 बजे गौर आरती और रात में विशेष कथा के साथ प्रसाद वितरण होगा।

पीआरओ राघव पंडित दास के अनुसार 3 मार्च गौर पूर्णिमा पर सुबह 4.30 बजे मंगला आरती की जाएगी। भगवान की वेदी को 5 क्विंटल अंगूरों से सजाया जाएगा। चंद्र ग्रहण होने के कारण अभिषेक के समय में परिवर्तन किया गया है। यह शाम 7 बजे किया जाएगा। सुबह 9 से रात 9 बजे तक दिन भर कीर्तन चलता रहेगा। पूरे दिन गौरांग महाप्रभु की कथा होगी। इसी क्रम में महोत्सव के आखिरी दिन 4 मार्च को श्री जगन्नाथ मिश्रा उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें प्रातःकालीन आरती, गौर कथा और प्रसाद वितरण कार्यक्रम होंगे। शाम 7.30 बजे गेट नंबर 1 पर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

धर्मस्य फलमिच्छन्ति धर्मं नेच्छन्ति मानवाः।
फलं पापस्य नेच्छन्ति पापं कुर्वन्ति सादराः।।

**अर्थः** लोग धर्म का फल चाहते हैं, लेकिन धर्म का पालन नहीं और पाप का फल नहीं, वरन अहंकार से पाप करना चाहते हैं!

## खबर एक नजर...

### आर्थिक और सांस्कृतिक विषयों पर 7 घंटे मंथन

**इंदौर।** सिंधी समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विषयों पर पहली बार सात घंटे तक मैराथन विचार-मंथन हुआ। क्वींस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी की। पॉवर प्रेजेंटेशन के जरिए इतिहास, विभाजन, भाषा-मान्यता, जनगणना त्रुटि और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दों का तथ्यात्मक विश्लेषण किया गया। प्रस्तुति में विश्व की प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर विभाजन के बाद विस्थापन तक की यात्रा रखी गई। देश में भाषा-आधारित राज्यों के गठन के बावजूद सिंधी समुदाय गैर-राज्य आधारित भाषी होने से नृत्य, लोककला, संगीत और शिक्षा में सरकारी सुविधाओं से वंचित बताया गया। प्रस्ताव रखा गया कि मप्र, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और दिल्ली में सिंधी को द्वितीय भाषा का दर्जा दिलाने का प्रयास होगा। चेटीचंड के जुलूस में सिंधु संस्कृति की झलक को संस्थागत रूप देना, मध्यस्थ अधिनियम 2023 के तहत हर शहर में सिंधी पंच मध्यस्थता केंद्र स्थापित करना, बेमेल विवाह संबंधों के सुधार के लिए सामाजिक विवाह केंद्र, 52% युवाओं के नौकरीपेशा होने के बीच को-ऑपरेटिव व कंपनी मॉडल से नए व्यापार अवसर सृजित करने की रणनीति पर चर्चा की गई। प्रस्तुति सिंधू मुहिंजी जीजल और सिंधी पंच मध्यस्थता व विधिक परामर्श केंद्र के किशोर कोडवानी ने दी। स्वागत अमला शर्मा, समन्वयन नरेश जादवानी ने किया। आभार अनिल फतेहचंदानी ने माना।

### एमपी पीएससी, 22 मार्च को स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम

**इंदौर।** सेट यानी स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट के साथ एमपी पीएससी की बड़ी परीक्षाओं की शुरूआत हो चुकी है। अब 22 मार्च को सबसे अहम मानी जाने वाली स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम होगी। इसमें 32 पदों के लिए ढाई हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। 27 सितंबर तक तमाम बड़ी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इधर, 6 मार्च से माइनिंग ऑफिसर के 85 पदों के लिए इंटरव्यू का सिलसिला शुरू होने जा रहा है। फिर 15 मार्च से जियोलॉजी के 15 पदों के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर के प्रमुख विषयों के इंटरव्यू की भी शुरूआत होगी। इस तरह 10 बड़े इंटरव्यू 30 सितंबर तक होंगे। पीएससी के सामने 2025 की कई परीक्षाओं के इंटरव्यू करवाना बड़ी चुनौती है। फिलहाल वह 1832 पदों के मेडिकल ऑफिसर भर्ती के इंटरव्यू करवा रहा है। यह अप्रैल तक चलेंगे। बीच-बीच में पीएससी अन्य परीक्षाओं के भी इंटरव्यू करवा रहा है।

### कार में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी गिरफ्तार, गिरने से हुए चोटिल

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में सिका स्कूल के पास कार में तोड़फोड़ और मारपीट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर की गई। टीआई तारेश सोनी के अनुसार 26 फरवरी को फरियादी राजेश चौधरी निवासी ग्राम कलारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम को घर लौट रहे थे। तभी सिका स्कूल के पास बाइक चालक बदमाश साथियों के साथ लहराते हुए आया और कार के बोनट पर थूक दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कुलदीप डामोर (18) निवासी इंदिरा नगर को गिरफ्तार किया। फिर उज्ज्वल दुबे (26) निवासी जलाराम नगर, शुभम गोरे (26) निवासी आदर्श इंदिरा नगर इसके और विशाल चौधरी (21) आदर्श नगर हैं। ये सभी आदतन अपराधी हैं।

### 25-30 फीट गहरे सीवर टैंक में सफाई करने उतरे थे

# जहरीली गैस से 2 निगमकर्मियों की मौत

### मुख्यमंत्री ने की 30-30 लाख मुआवजे की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर में सोमवार शाम को सीवर टैंक में घुसने से नगर निगम के दो कर्मचारियों की मौत हो गई। सीवर टैंक 25-30 फीट गहरा है। टैंक के अंदर जहरीली गैस से उनका दम घुट गया। मरने वालों की पहचान करण यादव और अजय डोडिया के तौर पर हुई है। घटना जोन 13 में चोइथराम मंडी गेट के पास की है।

जानकारी के अनुसार, कर्मचारियों की ड्यूटी शाम 5 बजे तक थी। उस समय मौके पर तीन कर्मचारी मौजूद थे। शाम करीब 6:30 बजे नगर निगम के कर्मचारी जोन-13 क्षेत्र में सीवर सफाई कर रहे थे। चैंबर को मशीन के जरिए खाली किया जा रहा था। सक्शन टैंकर से नियमित सफाई चल रही थी। इसी दौरान सफाई में उपयोग हो रहा एक इक्विपमेंट/पाइप का हिस्सा चैंबर के भीतर गिर गया। पाइप का हिस्सा निकालने के लिए एक कर्मचारी नीचे उतरा। कुछ देर बाद उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद दूसरा कर्मचारी भी चैंबर में उतर गया। इंदौर डीसीपी कृष्णलाल चंदानी ने बताया कि पुलिस की मदद से करण और अजय को फौरन अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। राजेंद्र नगर पुलिस जांच कर रही है। इंदौर नगर निगम ने बताया कि कर्मचारी करण बिना किसी को बताए पाइप निकालने के लिए चैंबर में उतरने लगा। उतरते समय वह चैंबर में गिर गया। उसे बचाने के लिए कर्मचारी अजय भी चैंबर में उतरा था, लेकिन उनकी जान चल गई।

### सीएम ने मुआवजे की घोषणा की

इंदौर के चोइथराम गेट स्थित एक चैम्बर में गिरे पाइप को निकालने के दौरान उतरे नगर निगम के दो कर्मचारियों करण और अजय की मौत हो गई। हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने दोनों मृतक कर्मचारियों के परिजनों को 30-30 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश जारी किए हैं। यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2023 में दिए गए निर्देशों के आधार पर लिया गया है।

### टैंक के अंदर बेहोश पड़े थे साथी कर्मचारी

वहीं मौके पर मौजूद कर्मचारी अकबर ने बताया कि जब दोनों काफी देर तक बाहर नहीं आए, तो अंदर से एक आवाज सुनाई दी। झांककर देखा तो दोनों कर्मचारी बेहोश अवस्था में पड़े थे। इसके बाद अकबर भी नीचे उतरा गया था। इस दौरान मौके पर अमन भी मौजूद थे, जो कुली का काम करते हैं। निगमकर्मियों को बचाने सीवर टैंक में उतरे अमन सेम ने बताया कि मुझे पता चला कि दो लोग चैंबर में डूब गए हैं। मैंने अपनी कमर में रस्सी बांधी और चैंबर में नीचे उतरा। हुक को एक आदमी की बेल्ट से फंसा दिया। इस दौरान मेरे मुंह में गैस भर गई थी, फिर हम दोनों ऊपर आ गए।

# नशे में धुत एसआई एमआईजी थाने पहुंचा

### हेड मुहर्रिर ने ड्यूटी पर जाने को कहा तो बदसलूकी की, सस्पेंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

नशे में धुत एक सब-इंस्पेक्टर ने रविवार को एमआईजी थाने में ड्यूटी को लेकर जमकर हंगामा किया। ड्यूटी लगाने वाले हेड मुहर्रिर (एचसीएम) पर भड़का और गाली-गलौज की। एचसीएम ने उसकी रोजनामचे में रिपोर्ट डाली तो वह हाथापाई पर उतर आया। एडिशनल डीसीपी थाने का निरीक्षण करने पहुंचे तो उनके सामने भी बदसलूकी की। बाद में डीसीपी ने सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया।

एमआईजी थाने में पदस्थ एसआई कमल सिंह रघुवंशी को सोमवार को डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक ने सस्पेंड कर दिया। आरोप है कि एसआई कमल सिंह रविवार को नशे में एमआईजी थाने पहुंचे थे। थाने के एचसीएम ने उन्हें ड्यूटी पर जाने के निर्देश दिए तो वह भड़क गए



और गाली-गलौज करने लगे। इस पर एचसीएम ने थाने के रोजनामचा रजिस्टर में उनकी शिकायत दर्ज कर दी। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह चौहान निरीक्षण के लिए पहुंचे तो कमल सिंह हंगामा करते दिखे। इसके बाद अफसरों ने कमल को सस्पेंड कर दिया।

कमल रघुवंशी आर्मी से पुलिस सेवा में आए थे। करीब डेढ़ साल पहले उन्होंने परदेशीपुरा थाने में एचसीएम ज्ञानेंद्र सिंह के साथ सैल्यूट न करने की बात पर पहले विवाद किया था। फिर थाने में ही तोड़फोड़ कर दी थी। इसकी शिकायत भी अफसरों तक पहुंची थी। इसके बाद उनका स्थानांतरण एमआईजी थाने में कर दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक यहां भी वे नशा कर ड्यूटी पर आते रहे हैं। अपने ही थाने के पुलिसकर्मियों से विवाद करते रहे हैं। उनकी पींं भी उनके खिलाफ अफसरों को नशे में मारपीट की शिकायतें दर्ज करवा चुकी हैं।

इधर, पिस्टल लिए एक महिला का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। आरोप है कि महिला के पास जो पिस्टल है वह परदेशीपुरा थाने के एक सब-इंस्पेक्टर की है। अफसरों ने प्राथमिक जांच में पाया कि पिस्टल पुलिस की नहीं है। सब-इंस्पेक्टर ने कुछ दिन पहले एनडीपीएस के मामले में बजरंग दल के एक कार्यकर्ता को पकड़ा था। आरोप है कि बदला लेने के लिए उसने महिला के फोटो को एसआई की गर्लफ्रेंड का बताकर प्रचारित किया।

# निवेश के नाम पर सालभर में 50 करोड़ की ठगी शहर में हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सोशल मीडिया, वाट्सएप और फर्जी एप्स पर तेज पैसा कमाने और भारी मुनाफा जैसे लालच देकर आम लोगों को निवेश के नाम पर फंसाया जा रहा है। क्राइम ब्रांच एडिशन डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, इंदौर में पिछले साल 8 से 10 हजार शिकायतें साइबर फ्रॉड की आई हैं। इसमें चौंकाने वाल आंकड़ा यह रहा कि 50 फीसदी ठगी सिर्फ निवेश, शेयर-मार्केट-ट्रेडिंग, फॉरेक्स और ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर हुई है। 2025 में लोगों ने इन पर भरोसा करके 50 करोड़ से ज्यादा की मोटी रकम गंवाई है। निवेश विकल्पों की तलाश शुरू की- कई लोगों ने अपनी बचत को सुरक्षित रखने या जल्दी बढ़ाने के लिए नए निवेश विकल्पों की तलाश शुरू की। इसी बीच ठगों ने कम समय में ज्यादा मुनाफा, गारंटीड रिटर्न, डबल पैसा स्कीम जैसे झूठे जुमलों से लोगों को फंसाना शुरू कर दिया। फर्जी कंपनियां सोशल मीडिया, वाट्सएप ग्रुप और मोबाइल एप के जरिये लोगों से संपर्क कर रही है और खुद को रजिस्टर्ड फाइनेंशियल एडवाइजर या ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताती हैं।

# इंदौर की युवती ने पिस्टल के साथ अपलोड किए वीडियो

### एसआई का नाम आते ही आईडी से कराए डिलीट, पुलिस कर्मी को कारण बताओ नोटिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की एक युवती द्वारा सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ फोटो पोस्ट करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हलचल मच गई है। वायरल फोटो में दिखाई दे रही पिस्टल परदेशीपुरा थाने में पदस्थ एक एसआई की बताई जा रही है। मामला उजागर होते ही युवती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फोटो डिलीट कर दिए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित एसआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



### पुलिसकर्मियों पर कमिश्नर की सख्ती

इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह पहले ही लापरवाही और अनुशासनहीनता के मामलों में सख्त रुख अपना चुके हैं। अब तक एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों को पद से हटाने और डिमोशन की कार्रवाई की जा चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में यह साबित होता है कि सरकारी पिस्टल का इस तरह सार्वजनिक उपयोग किया गया है, तो संबंधित एसआई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक शिविका नाम की युवती ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पिस्टल के साथ फोटो पोस्ट किया था। जांच में सामने आया कि उक्त पिस्टल परदेशीपुरा थाने में पदस्थ एक सब-इंस्पेक्टर की है। जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचने के बाद युवती ने फोटो हटा दिए। एडीशनल डीसीपी दंडोतिया ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर हथियारों का इस तरह खुला प्रदर्शन करना गलत है। हथियारों के उपयोग और प्रदर्शन को लेकर कानून में सख्त प्रावधान हैं और ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## खबर एक नजर...

### धुलेंडी पर्व पर 4 मार्च को बंद रहेगा दौलतगंज थोक किराना बाजार

**उज्जैन।** धुलेंडी पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 4 मार्च, बुधवार को दौलतगंज होलसेल किराना मार्केट में संपूर्ण अवकाश रहेगा। यह निर्णय दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक साधारण सभा में लिया गया। संस्था के सचिव आशिष जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि अवकाश को लेकर यह बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय रोहरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि त्योहार को देखते हुए बुधवार को थोक किराना बाजार पूरी तरह से बंद रखा जाएगा।

### उज्जैन के आर्यन खरे को गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से मिली बीए एलएलबी ऑनर्स की उपाधि

**उज्जैन।** शहर के महाकाल वाणिज्यिक केंद्र निवासी उदय खरे और आरती खरे के पुत्र आर्यन खरे को गांधीनगर स्थित गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित 16वें दीक्षांत समारोह में बीए एलएलबी ऑनर्स की डिग्री प्रदान की गई है। उन्हें यह डिग्री भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, गुजरात उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया द्वारा सौंपी गई।

आर्यन शुरू से ही कुशाग्र बुद्धि के रहे हैं। उन्होंने अपनी 12वीं की शिक्षा के दौरान सीबीएसई विद्यालय में सर्वोच्च अंक हासिल कर शहर का नाम रोशन किया था। इसके पश्चात आर्यन ने वर्ष 2020 में आयोजित क्लैट परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 381वां स्थान हासिल कर गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया था। अपनी मेधा के बल पर आर्यन पूर्व में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा वित्त पोषित ग्लोबल अंडरग्रेजुएट एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए भी चुने जा चुके हैं। पूरे भारत से केवल पांच लोगों का ही इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चयन हुआ था। इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने इलिनॉय के नॉर्थ सेंट्रल कॉलेज में मई 2023 तक एक सेमेस्टर का अध्ययन किया था। उनकी इस उपलब्धि में उनके गुरु वरुण गुप्ता का विशेष मार्गदर्शन रहा है।

# मालीपुरा में सजा 79वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन



## होलिका उत्सव पर जुटे दिग्गज कवि, मालीपुरा चौराहे पर हुआ भव्य आयोजन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

होलिका उत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में एक बार फिर काव्य रस की फुहारें बरसीं। मालीपुरा सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में 2 मार्च, सोमवार को होलिका उत्सव 2026 के अंतर्गत 79वें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का मालीपुरा चौराहे पर भव्य आयोजन किया गया। समिति पिछले कई दशकों से इस साहित्यिक परंपरा का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही है।

समिति के संरक्षक सत्यनारायण चौहान, अध्यक्ष राकेश चौहान और सचिव मुकेश बारोट ने बताया कि होलिका उत्सव से ठीक पहले आयोजित इस प्रतिष्ठित कवि सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। आमंत्रित कवियों में मुंबई से हास्य व्यंग्य कवि आशकरण अटल व सुनील व्यास, औरैया से वीर रस के कवि अजय अंजाम, इंदौर से गीतकार अमन अक्षर, भोपाल से गीत-गजल के लिए अनु सपन और बदनावर से हास्य व्यंग्य कवि राकेश शर्मा शामिल रहे। कवियों के कविता पाठ से हजारों प्रबुद्ध नागरिक, साहित्य प्रेमी और श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, भाजपा नगर महामंत्री आनन्द खीची, दौलतगंज मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, पार्षद प्रेमलता रामी और पार्षद योगेश्वरी राठौर सहित योगेश शर्मा, विक्की यादव और अशोक सारवान मौजूद रहे। अतिथियों ने भी मंच से कविताएं सुनाईं।

कवि सम्मेलन के लिए सुगंधित फूलों से मंच के साथ पूरा मालीपुरा सजाया गया था। पुष्पसज्जा जानकीलाल गहलोत ने की। कार्यक्रम में सभी कवियों का स्मृति चिह्न और पुष्पमाला से सम्मान किया गया।

# 26वें दिव्याई महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

### महाप्रदोष पर हुआ महाकाल का ?विवाह-भोज

### महाकाल शयन आरती युवा शक्ति परिवार ने किया भव्य आयोजन; कैबिनेट मंत्री सावन सोनकर सहित कई गणमान्य जन हुए शामिल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी और महाप्रदोष (रवि प्रदोष) के पावन अवसर पर धर्मनगरी उज्जैन में 26वाँ दिव्याई महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल शयन आरती युवा शक्ति परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में भगवान श्री महाकालेश्वर और माँ पार्वती के सान्निध्य में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया।

इस भव्य आयोजन को प्रतीकात्मक रूप से ?सृष्टि के रक्षक के विवाह-भोज? के रूप में मनाया गया। महोत्सव के दौरान विशेष पूजन-अर्चन, महाआरती और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दिव्य अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके पश्चात आयोजित विशाल महाभंडारे में शहर के गणमान्य नागरिकों और हजारों धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के अनुसूचित जनजाति विभाग के कैबिनेट मंत्री सावन सोनकर उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता रवि सोलंकी, रवि दायमा और वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक अंकुर जायसवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अतिथियों ने महोत्सव की भव्यता और आयोजकों के निस्वार्थ सेवा-भाव की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस ऐतिहासिक और विशाल आयोजन को सफल बनाने में पूरी टीम की अथक मेहनत रही। इनमें मुख्य रूप से हरीश जोशी, शांतिलाल बैरागी, आदित्य जाट, राजेश खूबचंदानी, राजकुमार अग्रवाल, राजू, अजय राठौर, उज्ज्वल गौड़, पंकज जैन, अभिजीत जाट, जयेश खत्री, सावन रोचवानी, संतोष सोलंकी, पप्पू, सतीश वर्मा, महेश वर्मा, आयुष नागर, अजय त्यागी, निलेश हारोड़, हर्ष बागी, हेमंत खत्री और राहुल सोलंकी शामिल रहे,

### ?विज्ञान में नारी शक्ति : परंपरा से प्रगति तक? विषय पर प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग एवं डॉ. भावना नागर के संयोजन में विज्ञान में नारी शक्ति : परंपरा से प्रगति तक? विषय पर एक प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय के कीर्तिगान से हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण श्रद्धा एवं उत्साह से आलोकित हो उठा।

अतिथि स्वागत के पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. निश्चल यादव ने अपने उद्बोधन में भारतीय एवं विश्व की अनेक प्रसिद्ध महिला वैज्ञानिकों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं और अवसरों की जानकारी देते हुए छात्राओं को अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट वक्ता डॉ. रेखा खन्ना ने अपने वक्तव्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मानव ऊर्जा के मूल स्रोत के रूप में मातृ-डीएनए कोशिकाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा नारी की सृजनात्मक शक्ति को वैज्ञानिक आधार से जोड़ा।

# मना फाग उत्सव, शिव-पार्वती ने खेली भस्म और गुलाल की होली

### विश्व शांति की प्रार्थना; भजनों की धुनों पर भक्तों ने लिया फाग का आनंद



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नरसिंह घाट के सामने स्थित कुमावत धर्मशाला में फाग उत्सव और महाकाल होली का भव्य आयोजन किया गया। भक्तों ने भारी उल्लास के साथ फाग का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान भगवान शंकर और मां भगवती पार्वती के स्वरूपों ने महाकाल की तर्ज पर होली खेली। भगवान शंकर ने भस्म लगाई, वहीं मां भगवती ने गुलाल लगाकर सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भगवान शंकर द्वारा चौपड़ खेलने का प्रसंग भी जीवंत किया गया। उत्सव में उपस्थित सभी भक्तों ने भगवान से विश्व में शांति स्थापित होने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में ख्वाइश ने माता पार्वती का मनमोहक स्वरूप धारण किया था।

संस्था के अध्यक्ष महेंद्र कटियार ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी आयोजन में भारी उत्साह रहा। भजन गायक लाली और ढोलक वादक कैलाश की जुगलबंदी ने फाग उत्सव में आनंद घोल दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से खेम सिंह तोमर, संजय बैस, निशा राठौर, सतीश राठौर, धर्मेंद्र सिंह परिहार, अनुदीप गंगवार, विष्णु कुमावत, गोपाल शर्मा, शैलेंद्र दुबे, राम नगर के विशाल सोनी, नमत सोनी, दुर्गा यादव, प्रतिभा कटियार, उमाकांत कटियार, प्रेरणा गंगवार, मंजू गंगवार, जितेन गंगवार और अजय करपे उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर फाग उत्सव और होली का आनंद लिया।

## खबर एक नजर...

### कलेक्टर के निर्देशन में मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में आयुष्मान भारत निरामयम और मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।जिले के महाकालधाम कॉलोनी निवासी श्री आकाश रायकवार की पुत्री नित्या उम्र 5 माह जन्म से ही कमजोर थी। नित्या को सांस लेने में कठिनाई होने के साथ, तेज धड़कन हो जाती थी, जिसके कारण नित्या अक्सर रोती रहती थी और स्तनपान भी नही कर पा रही थी। उक्त कारणों से बालिका नित्या के माता-पिता काफी चिंतित रहते थे। आर. बी. एस.के. (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) मोबाईल हेल्थ टीम चिकित्सा द्वारा भ्रमण के दौरान जब आंगनवाड़ी में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच एवं स्क्रीनिंग की जा रही थी तब चिकित्सक द्वारा नित्या की स्वास्थ्य जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि नित्या हृदय रोग से ग्रसित है। आर. बी.एस. के. दल के चिकित्सक द्वारा नित्या को तत्काल जिला चिकित्सालय, चरक भवन रैफर किया गया और नित्या के माता-पिता को जानकारी दी गई कि नित्या को जिला स्तरीय शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र जिला चिकित्सालय में ले जाकर उसका उपचार करवा सकते है। जहां पर आयुष्मान भारत निरामयम योजना और मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के अन्तर्गत नित्या का निःशुल्क ऑपरेशन हो जाएगा। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि नित्या के माता-पिता नित्या को लेकर शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र, (डी.ई. आई.सी.), जिला चिकित्सालय उज्जैन पहुंचे। जहां पर नित्या का आयुष्मान भारत निरामयम योजना में मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अन्तर्गत पंजीयन कर नित्या की आवश्यक जांचे करवाई गई।

# संभागायुक्त ने ली सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय में सिंहस्थ 2028 महापर्व के लिए निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्य कराने वाले विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मेला अधिकारी श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान पीडब्ल्यूडी के प्रचलित कार्यों की प्रगति में आशानुरुप गति न पाई जाने पर नाराजगी जताते हुए पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री का वेतन काटने का निर्देश दिया है। मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ के कार्यों के पूर्ण होने का समय सीमा का चार्ट तैयार किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह भी उपस्थित रहें।बैठक में बताया गया कि फ्रीगंज आरओबी का कार्य प्रगतिरत है। इसी तरह चक कमेड में ब्रिज निर्माण का कार्य भी प्रगतिरत है। मेला अधिकारी श्री सिंह ने अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि सिंहस्थ 2028 के प्रचलित निर्माण कार्यों के दौरान अन्य विभागों से तालमेल कर निमार्णाधीन कार्यों की गति बढाई जाए। जिससे विभाग के कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके। बैठक में बताया गया कि लालपुर-मक्सी रोड एलसी-7 मार्ग का डिजाईन तैयार हो चुका है।

रेल्वे स्टेशन से श्री महाकालेश्वर मंदिर तक रोप-वे परियोजना को लेकर जानकारी दी गई कि रोप-वे के लिए 3 स्टेशनों पर कार्य प्रगतिरत है। पीडब्ल्यूडी द्वारा सिंहस्थ 2028 के लिए प्रचलित कार्यों में आशानुरुप प्रगति न पाई जाने पर संभागायुक्त श्री सिंह ने नाराजगी जताते हुए पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री श्री गौतम अहिरवार का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।बैठक में बताया गया कि सदावल हेलीपेड का कार्य पूर्ण है। यहां पर कल्वर्ट का कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि हेलीपेड पर लाउंज कार्य, वेटिंग एरिया का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ 2028 के प्रचलित निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए कार्य की गति बढ़ाई जाए।

### होली, धुलेंडी तथा रंगपंचमी पर्व सदभाव से मनाने की अपील

**रतलाम ।** होली, धुलेटी तथा रंगपंचमी पर्व पर नगर निगम द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परंम्परागत व्यवस्था की जावेगी। महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी व पार्षदगणों ने नागरिकों से पर्वो को शांति एवं सौहार्द के वातावरण मे मनाकर नगर की गौरवशाली परंम्परा को कायम रखने की अपील की है।

## सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप की-अच्छा तो हम चलते हैं के साथ संगीत संध्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

शहर में एक भव्य संगीत निशा का आयोजन शनिवार, 28 फरवरी को टाउन हॉल में ₹सुर संगम ग्रुप नीमच ₹ द्वारा, भारत विकास परिषद् (सुभाष शाखा-नीमच )के तत्वावधान में होगा द्य नीमच के उभरते कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सदाबहार फिल्मी गीतों का ट्रेक पर गायन कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा द्य जिसमें अतिथि के रूप में सर्व श्री जम्बूकुमारजी जैन (समाज सेवी) राकेशजी (पप्पू) जैन , प्रमोदजी रामावत अध्यक्ष-सार्थक सृजन,श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा ,अध्यक्ष-नगर पालिका, संतोषजी चौपड़ा,डॉ. चेतनजी पाटीदार , प्रदीप चौपड़ा (रिजनल सचिव सेवा सेन्ट्रल रिजन) सुनील शर्मा, भारत विकास परिषद सुभाष शाखा नीमच के अध्यक्ष ललित जी राठी सचिव मनीष गर्ग, एवं सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप के संयोजक महेश शर्मा, सह संयोजक- डॉ जीवन कौशिक, वीरेंद्र दुबे ,कोषाध्यक्ष द्वारा सदस्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन किया गया। भारत विकास परिषद सुभाष शाखा अध्यक्ष ललित राठी एवं सुर संगम ग्रुप के अध्यक्ष संयोजक महेश शर्मा द्वारा स्वागत उदबोधन के माध्यम से संस्थाओं की जानकारी दी गई। संगीत संध्या के इस कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती को वंदन करते हुए सरस्वती वंदना स्तुति का गान किया गया ।

# महाकाल की नगरी में 10 साल बाद पंच परमेश्वर का आगमन, पेशवाई की तर्ज पर हुआ नगर प्रवेश

### श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े के संतों ने किया 200 साल पुरानी परंपरा का निर्वहन; आगामी 4 मार्च को मनेगा होली उत्सव



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

होली के पावन पर्व पर शिप्रा नदी के तट पर स्थित श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े में साधु-संतों का भव्य आगमन हुआ। धर्म प्रचार के लिए संतों का यह नगर प्रवेश करीब 10 साल बाद पेशवाई की तर्ज पर हुआ है। 200 साल से निरंतर चली आ रही इस परंपरा के तहत संतों के उज्जैन आगमन पर शहरवासियों ने जगह-जगह मंच लगाकर ढोल-धमाके की धुन के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया।

सिंहस्थ 2028 को लेकर बनी रूपरेखा और 4 मार्च को मनेगी होली

महाकाल की नगरी में वर्ष 2028 में होने वाले आगामी सिंहस्थ मेले को भव्य रूप देने के लिए देशभर से आए इन साधु-संतों द्वारा विशेष रूपरेखा और योजनाएं भी बनाई गईं। संतों ने होली का रंग संतों के संग कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की सराहना की। इसके साथ ही आगामी 4 मार्च को होली उत्सव के तहत श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़ा में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक भव्य रूप से साधु-संत व महंत होली मनाएंगे।

# 17 वर्ष थल सेना में सेवारत फौजी का घर आगमन पर किया स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

नेनोरा रावला परिवार से ठा. रतन सिंह शक्तावात के पौत्र जितेन्द्र सिंह शक्तावात सेवारत फौजी के 17 वर्षों तक थल सेना में सेवारत फौजी का 2 मार्च को सेवानिवृत्त पश्चात घर आगमन पर किया भव्य स्वागत । सर्वप्रथम पिपलिया मंडी स्टेशन बालाजी मंदिर में नतमस्तक होकर बैंड बाजा के साथ जितेंन्द्र सिंह का भव्य जुलूस पिपलिया मंडी में निकल गया। गांधी चौराहे पर गांधीजी को माल्यार्पण के बाद पूरे बाजार में टिलाखेड़ा तक विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसी कड़ी में श्री दयानंद एजुकेशन सेंटर पर फौजी भाई का शाल श्रीफल भेंट कर हुआ सम्मान। इसी तरह कंचन श्री कोल्ड पर देवेन्द्र कराड़ा मित्र मंडल द्वारा भी फौजी शक्तावत का अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात खोखरा नेनोरा गांवों में भी जितेंद्रसिंह भव्य जुलूस निकाला गया। घर-घर से फौजी भाई का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया।

## नारायणा धाम में 251 क्विंटल फूलों और 51 क्विंटल गुलाल से खेली गई होली, उमड़ा जनसैलाब

# भगवान श्री कृष्ण-सुदामा की मित्रता स्थली पर फाग और ध्वज उत्सव का भव्य आयोजन; हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




महिदपुर स्थित भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रतीक स्थल ग्राम नारायणा धाम में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी फाग और ध्वज उत्सव पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस भव्य महोत्सव में 251 क्विंटल फूलों और 51 क्विंटल गुलाल से होली खेली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया।

उत्सव की शुरूआत सुबह से ही भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के महाअभिषेक, पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। सुबह 9 बजे बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य ध्वज यात्रा और चल समारोह प्रारंभ हुआ। इसमें हाथी, घोड़े, ऊंट और बग्घी शामिल हुए। लाभार्थी मंगलनाथ मंदिर के महंत श्री जितेंद्र भारती और उनकी पत्नी जया भारती भगवान बालगोपाल और शिखर पर फहराई जाने वाली ध्वजा को सिर पर रखकर निकले। ग्राम भ्रमण के पश्चात चल समारोह पुनः मंदिर पहुंचा। दोपहर 2 बजे अभिजित मुहूर्त में पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद महाआरती हुई और विशाल भंडारा शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा। संपूर्ण उत्सव की ड्रोन कैमरे से शूटिंग की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मालवी फाग गीतों पर कलाकार मंडली और अन्य भजन मंडलियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

मथुरा, वृंदावन और गोकुल की तर्ज पर आयोजित इस होली उत्सव में श्री शेषशाई विष्णु मंदिर उन्हेल दिगंबर अखाड़ा के महंत श्री गिरीश प्रपन्न महाराज और निमोर्ही अखाड़ा के महंत श्री नृसिंह दास महाराज मुख्य रूप से शामिल हुए। इसके अलावा विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र मंडोरा, प्रताप सिंह आर्य, श्याम सिंह चौहान, अमर सिंह आंजना खोरिया, बहादुर सिंह बोरमुंडला, समाजसेवी विजय सिंह गौतम, मंडल अध्यक्ष किशोर शर्मा, वीरेंद्र आंजना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सिंह सोलंकी, जनपद प्रतिनिधि बहादुर सिंह पंवार, सुधीर मूणत, एडवोकेट भगवान सिंह पंवार, भगवती जोशी और विक्रम सिंह आंजना मोतीपुरा सहित हजारों धमार्लु उपस्थित रहे। प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम अजय हिंगे, तहसीलदार संतुष्टि पाल, पटवारी सौभाग्य मल कुमावत और थाना प्रभारी नरेंद्र बहादुर सिंह परिहार एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति के केशर सिंह पटेल और डॉ. मोहन शर्मा ने बताया कि मथुरा-वृंदावन की तरह नारायणा धाम की फूलों की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी इस स्थल से विशेष लगाव रहा है और वे पूर्व में फाग पूर्णिमा उत्सव में शामिल होते रहे हैं। महाआरती के दौरान कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहन शर्मा और एडवोकेट अंतर सिंह आंजना ने किया।

इस भव्य आयोजन की सफलता में श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति के केशर सिंह पटेल, डॉ. मोहन शर्मा, सेवाराम आंजना, मोतीराम चौधरी, विक्रम सिंह आंजना, पुजारी अंबाराम, बद्रीलाल, दौलतराम, भवानी शंकर, आत्माराम, प्रेमनारायण, संदीप, रामेश्वर शर्मा, एडवोकेट अंतर सिंह आंजना, संजय आंजना पटेल, गोपीलाल आंजना, केशर सिंह आंजना, सरपंच भगवान सिंह गोयल नारायणा, जगदीश शर्मा पंडित, ईश्वर शर्मा, पवन गोयल, सुनील आंजना खोरिया, कैलाश सैन, अमर सिंह, संदीप आंजना बालोद, विक्रम सिंह आंजना बिनपुरा, जीवन सिंह आंजना धारखेड़ा, अमृत लाल ठाकुर नागदा, आसाराम, सरपंच अमृत लाल बलौदा, प्रकाश गोयल, कमल सिंह, महेश सोनी, अशोक आंजना, मानसिंह चौधरी, गौरव, उदय सिंह, अर्जुन आंजना, भरत चौधरी, दिनेश दायमा, विकास आंजना और गोविंद आंजना सहित मंदिर से जुड़े कई सदस्यों की अथक मेहनत रही।

## खबर एक नजर...

### होली मिलन समारोह और रंगपंचमी गेर को लेकर बलाई समाज युवा संघ की बैठक संपन्न

**उज्जैन:** बलाई समाज युवा संघ के तत्वावधान में होली मिलन समारोह और रंगपंचमी गेर के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। यह बैठक युवा संघ के अध्यक्ष विशाल राठौर के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें आगामी त्योहारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और भव्य रूपरेखा तैयार की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के कई प्रमुख लोगों ने बैठक में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी हजारीलाल मालवी, मुकेश मालवी, बीएल चौहान, राजकुमार पटेल, विजय परमार, गजेंद्र हिरवे, ललित परमार, लखन परमार, राजेंद्र राठौड़, महेश सोलंकी, कपिल सरोजा, मारुति मालवीय, दीपक पंवार, अजय सिसोदिया, सुभाष गहलोत, विकास सिसोदिया, महेश परमार और सोनू मालवीय उपस्थित रहे। इन सभी की उपस्थिति में आयोजनों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के अंत में पवन सिरोंज ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# पर्यटन स्थलों पर महिला सुरक्षा को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न, उज्जैन की टीम ने किया प्रभावी प्रतिनिधित्व

## उज्जैन सहित मध्य प्रदेश को देश का सबसे सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने के संकल्प को किया दृढ़

### मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, पुलिस और यूएन-वूमेन की संयुक्त पहल; भोपाल में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए उज्जैन के पुलिस अधिकारी और पर्यटन सखियां






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और विश्वासपूर्ण बनाने के उद्देश्य से भोपाल के होटल पलाश रेसिडेंसी में 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, पुलिस विभाग की महिला सुरक्षा शाखा और यूएन-वूमेन के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत आयोजित इस कार्यशाला में उज्जैन जिले की टीम ने प्रभावी सहभागिता की।

कार्यशाला में प्रदेश के 11 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उज्जैन जिले से पिछले चार वर्षों से इस परियोजना पर काम कर रही संस्था सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट कार्ड की परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी और सर्वोपरी सशक्त नारी क्षेत्र स्तरीय महिला मंडल से नैना मंसूरिया ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। पुलिस विभाग की ओर से प्रधान आरक्षक सुरेंद्र तामरे और निरीक्षक आर एस शक्तावत ने भी कार्यशाला में भाग लेकर उज्जैन का प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया।

दीप प्रज्वलन और पौधारोपण के साथ शुरू हुए इस आयोजन में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक इलैयाराजा टी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना पर्यटन विकास की आधारशिला है। कार्यशाला के दौरान धार्मिक पर्यटन, ग्रामीण एवं ईको-टूरिज्म, पुरातात्विक स्थल, वन क्षेत्र, साहसिक पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ। प्रतिभागियों ने पर्यटन ग्राम खारी, केकड़िया, भोजपुर, भीमबेटका, वन विहार, केरवा डैम और बोट क्लब का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं और आधारभूत सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन भी किया।

कार्यशाला के अंतिम दिन विशेष पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और स्थानीय स्तर पर प्रभावी समन्वय विकसित करने के निर्देश दिए। इस वर्चुअल बैठक में उज्जैन से पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा भी शामिल हुए। कार्यक्रम में गृह विभाग, पुलिस मुख्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, पर्यटन निगम और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन प्रदान कर मध्य प्रदेश को देश का सबसे सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने के संकल्प को दृढ़ किया।

# रतलाम में त्योहारों को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



आगामी त्योहारों होली, धुलेंडी, रंगपंचमी एवं रमजान के मद्देनजर जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में शहर में व्यापक फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। फ्लैग मार्च की शुरूआत कालिका माता मंदिर पुलिस चौकी से की गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा।

फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना रहा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मार्ग में नागरिकों से संवाद कर सभी से त्योहारों को शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, शहर के समस्त थाना प्रभारी एवं पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट करने अथवा कानून व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रतलाम पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें और त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाकर जिले की परंपरागत भाईचारे की भावना को बनाए रखें।

### रामद्वारा में आज संत श्री ललितरामजी देंगे भक्त प्रहलाद चरित्र पर प्रवचन

मंदसौर। शहर के जनकूपुरा स्थित अमर झमर के बाग, बड़ा रामद्वारा में आज धुलेंडी के पावन पर्व पर जहाजपुर वाले सुप्रसिद्ध संत श्री ललितराम जी महाराज एवं उनके शिष्य युवा संत श्री ईश्वर राम जी महाराज के सानिध्य में विशेष सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर संत श्री भक्त प्रहलाद के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देंगे।समाजसेवी एवं मंडी व्यवसायी श्री सूरजमल गर्ग तथा गर्ग परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रातः 10.30 बजे से अमृतवाणी की वर्षा होगी।

## नाबालिग अपहृता को किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

जिले की मल्हारगढ़ पुलिस ने ग्राम पिपलिया विश्निया से अपहृत एक नाबालिग बालिका को पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित बरामद कर लिया है और अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। घटना 21 फरवरी 2026 की है, जब पीड़िता के परिजनों ने अज्ञात आरोपी द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गठित पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 1 मार्च को बालिका को दस्तयाब किया। महिला अधिकारी द्वारा लिए गए कथनों में पीड़िता ने बताया कि आरोपी पवन उर्फ शिवम पिता शंभुलाल सेन, नि. आक्याकुंवर पदा उसे शादी का झांसा देकर दुधाखेड़ी माताजी की ओर ले गया और वहां उसके साथ गलत काम किया। कथनों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी पवन को गिरफ्तार कर लिया।

# 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज

## 6 मार्च से जिले में चलेगा अनफिट वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर




सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित साप्ताहिक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर अदिति गर्ग ने विशेष रूप से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम बताया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह से परीक्षित, सत्यापित और सुरक्षित है, जिसका स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। कलेक्टर ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी १४ वर्ष की बालिकाओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर यह टीका अवश्य लगवाएं, ताकि भविष्य में उन्हें गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

जिले में यह अभियान उन बालिकाओं के लिए चलाया जा रहा है जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और अभी 15 वर्ष की नहीं हुई हैं। टीकाकरण की सुविधा जिला चिकित्सालय मंदसौर सहित भानपुरा, गरोठ, मल्हारगढ़, नगरी, शामगढ़, सीतामऊ, सुवासरा, धुंधड़का और नारायणगढ़ के शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। श्रद्धालु और नागरिक शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर २ बजे तक इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि समय पर लिया गया यह निर्णय बालिकाओं के स्वस्थ भविष्य की नींव रखेगा।

# जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल ने मनाई ब्रज की तर्ज पर होली

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल द्वारा रामटेकरी स्थित पोरवाल छात्रावास में फाग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मथुरा और वृंदावन की होली की तर्ज पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने फागुन की मस्ती के बीच पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा-कृष्ण के स्वरूपों को गुलाल लगाकर किया गया। इस दौरान मार्गदर्शक मंडल की निर्मला मांदलिया, पुष्पा मरच्या, संतोष फरक्या और अध्यक्ष कुसुम सेठिया सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने भगवान की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की।

फाग महोत्सव में ज्योति काला राधा, सुनीता सेठिया कृष्ण और पुष्पा गुप्ता रुकमणी के वेश में आकर्षण का केंद्र रहीं। सभी सदस्यों ने प्राकृतिक रंगों, गुलाल और फूलों के साथ होली खेलकर भाईचारे का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें नई ऊर्जा के साथ समाज सेवा के कार्यों में जुटी रहना चाहिए। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की।

## खबर एक नजर...

### नगर में होली से पहले सोमवार को बाजार में रही रौनक

**सनावद।** होली के त्यौहार ,आते ही आज सोमवार को बाजारों में अच्छी रौनक रही।बच्चों में कार्टून थीम वाली पिचकारी और अलग-अलग डिजाइन के मुखौटों की विशेष मांग है।दुकान संचालक गोपाल नीमा ने बताया की मुख्य बाजारों से रंग-बिरंगी पिचकारी, गुलाल, अबीर, मुखौटे और होली से जुड़े सजावटी सामानों की दुकानों में अच्छी चहल पहल है। खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है, जिससे बाजारों में चहल-पहल तेज हो गई है।बच्चों के लिए आकर्षक पिचकारी इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी और रंगीन मुखौटे खरीदे जा रहे हैं। बच्चों में कार्टून थीम वाली पिचकारी और अलग-अलग डिजाइन के मुखौटों की विशेष मांग है। इसके साथ ही, हर्बल गुलाल और विभिन्न रंगों के पैक्ड अबीर की खरीदारी भी अधिक हो रही है। इस बार बाजार में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है

### मंच के द्वारा पोरवाड़ आइडियल भजन प्रतियोगिता का आयोजन

**सनावद।** अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच द्वारा हर बार समाज की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा हैसन्मति जैन काका एवं आशीष जैन लोनारा ने बताया की इसी के अंतर्गत पोरवाड़ आइडियल भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें घर बैठे भजन का वीडियो बनाकर भेजना है अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच के मुख्य सांस्कृतिक सचिव आतिश जैन इंदौर ,आयुषी जैन बड़वाह ने बताया कि भजन प्रतियोगिता तीन अलग-अलग आयु वर्ग में आयोजित की गई है जिसमें 5 मार्च तक 3 मिनट का वीडियो साफ और स्पष्ट रोशनी में बनाकर भेजना होगा बिना वाद्य यंत्र के पारंपरिक वेशभूषा में बनाकर भेजना होगा मंच द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा अंतरराष्ट्रीय पोरवाड़ मंच के सभी पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

### नेपानगर में भव्य भगोरिया उत्सव

**नेपानगर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भव्य भगोरिया उत्सव मनाया गया। सोशल, कल्चरल एंड सोसाइटी नेपा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आदिवासी भाई-बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-मांदल की थाप पर नृत्य किया। विधायक मंजू राजेंद्र दादू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने भी ढोल- मांदल की थाप पर नृत्य कर रहे दलों के साथ लोक नृत्य कर उत्साह वर्धन किया। इस बार भगोरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी भारी तादाद में लोग पहुंचे। आदिवासी भाई-बहनों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में ढोल- मांदल की थाप पर नृत्य कर समा बांध दिया। कार्यक्रम की विशेषताएं- पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी भाई-बहनों का नृत्य ढोल- मांदल की थाप पर नृत्य विधायक मंजू राजेंद्र दादू का विशेष आगमन भारी तादाद में लोगों की उपस्थिति रही।

### त्रिपुरा के सीएम ने किए भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन

**उज्जैन।** त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा ने महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन कर देश व त्रिपुरा की समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर के भव्य स्वरूप की सराहना की। मंदिर परिसर में संध्या आरती के बाद होलिका दहन तथा धुलेंडी पर भस्म आरती में हर्बल गुलाल अर्पित करने की परंपरा निभाई जाएगी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने सोमवार को ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन लाभ लिए। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने बताया कि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने सोमवार को सपत्नीक भगवान महाकाल के दर्शन किए। परंपरा अनुसार उन्होंने सोला पहना और नंदी हॉल में बैठकर ध्यान लगाया। इसके बाद भगवान का आशीर्वाद लिया और फिर नंदी महाराज का जलाभिषेक करते हुए उनके कान में मनोकामना भी कही।

# जय भोलेनाथ ग्रुप की मातृशक्ति ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया फाग उत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

पदम नगर स्थित ओम श्री पद्मेश्वर महादेव मंदिर के जय भोलेनाथ ग्रुप की मातृशक्ति ने हर्षोल्लास और गहन भक्ति भाव के साथ फाग उत्सव का भव्य आयोजन किया। यह उत्सव होली के पावन पर्व की परंपरा को जीवंत करने का अनुपम उदाहरण बना, जहां श्रद्धा, प्रेम और आपसी सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला।

मंदिर के सेवादार मनोहर शामनानी ने बताया कि विगत तीन वर्षों से यह उत्सव पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ निरंतर मनाया जा रहा है। हर बार यह आयोजन भक्तों के बीच उत्साह और भक्ति की नई लहर पैदा करता है, जो भगवान शिव की कृपा का प्रतीक बन जाता है। इस वर्ष का फाग उत्सव काजल मुकेश बंसल के निवास पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत पार्षद श्रीमती माला लखमीचंद खटवानी ने बाल कृष्ण को गुलाल लगाकर की। इसके पश्चात भगवान शिव के मंगलपाठ और आरती के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ। भजन-कीर्तन की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। ‘हर हर महादेव’, ‘भोलेनाथ की जय’



और ‘फागुन के रंग बरसे’ जैसे भक्ति भजनों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया।

महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी नजर आईं। घर के आंगन को फूलों, गुलाल और रंग-बिरंगे पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छोटे कृष्ण स्वरूप के साथ खेली गई फूलों की होली रही। नन्हे बाल कलाकारों ने भगवान कृष्ण का रूप धारण कर फूलों की वर्षा की, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह दृश्य मानो भगवान कृष्ण की फाग लीला का सजीव रूप प्रस्तुत कर रहा था, जहां रंग प्रेम और भक्ति के प्रतीक बन गए। मातृशक्ति के रूप में नंदा चंचलानी, मुस्कान तोलानी, काजल बंसल, ज्योति चौहान, नंदिनी प्रजापति, अंशु पालीवाल, कशिश साहनी, ललिता पाटीदार, वर्षा खत्री, जिया चंचलानी, यामिनी सेन, पूजा पटेल, सरिता पाटीदार, रश्मि बाहेती सहित अन्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। महिलाओं ने गुलाल उड़ाते हुए एक-दूसरे को गले लगाया, जिससे हंसी-ठिठोली और आनंद का वातावरण बन गया।

फाग उत्सव की यह पुरातन परंपरा भगवान शिव और शक्ति की महिमा को समर्पित है। जय भोलेनाथ ग्रुप की मातृशक्ति ने इसे न केवल जीवंत बनाए रखा है, बल्कि नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया है। आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि यह उत्सव उनके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति का संचार करता है।

मनोहर शामनानी ने कहा, ‘यह आयोजन तीन वर्षों से लगातार हो रहा है और हर बार पहले से अधिक भव्य बनता जा रहा है। मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत सराहनीय है, जिन्होंने घर-घर तक भक्ति और एकता का संदेश पहुंचाया है।’

आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें फल और मिष्ठान वितरित किए गए। सभी ने एकजुट होकर भगवान शिव से प्रार्थना की कि समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का यह रंग सदैव बना रहे। फाग उत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूती प्रदान की।

## आदिवासी भाईयों बहनों का लोकप्रिय त्यौहार है भगोरिया- विजयवर्गीय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

आदिवासी अंचल के लोकप्रिय और पारंपरिक भगोरिया पर्व का अंतिम दिन आज आलीराजपुर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। भगोरिया का त्यौहार आदिवासी भाइयों बहनों के लिए लोकप्रिय त्यौहार है। यह त्यौहार आदिवासी भाई बहनों की प्रकृति प्रेम को प्रदर्शित करता है क्योंकि यह त्यौहार रबी की फसल की कटाई के बाद होली के ७ दिवस पूर्व से मनाया जाता है। यह सब नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज आलीराजपुर के प्रसिद्ध भगोरिया पर्व में शामिल होने पर कही और आदिवासी समाज को भगोरिया और होली की शुभकामनाएं दीं । इस दौरान अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान , जिला पंचायत अध्?यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत , जिला अध्?यक्ष श्री मकू परवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आदिवासी संस्कृति, परंपरा और भाषा के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने आदिवासी कला और संस्कृति को संरक्षित करने वाले कलाकारों को पद्मश्री सम्मान देने की पहल का भी उल्लेख किया। साथ ही शासन द्वारा आदिवासी जननायकों टंट्या मामा, शंकर शाह और भीमा नायक जैसे महानायकों को इतिहास में उचित स्थान दिलाने के प्रयासों की सराहना की।भगोरिया के अंतिम दिन मंत्री श्री विजयवर्गीय,मंत्री श्री चौहान एवं सांसद ने मांडल की थाप पर आदिवासी भाई-बहनों के साथ पारंपरिक नृत्य किया।

### होली पर 3 व 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**आलीराजपुर।** जारी अधिसूचना के अनुसार होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 3 मार्च 2026, मंगलवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश रहेगा। 4 मार्च को भी निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट 1881 की धारा 25 के अंतर्गत सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के मुताबिक यह अवकाश राज्य शासन की सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना अवकाश 29 दिसम्बर 2025 में संशोधन करते हुए घोषित किया गया है।

## जिला मुख्यालय पर अंतिम भगोरिया में उमड़ा जन सैलाब





ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीराजपुर

आदिवासी अंचल का लोक पर्व भगोरिया त्यौहार आज अंतिम चरण में जिला मुख्यालय में संपन्न हुआ जिसमें हजारों की संख्या में आदिवासी समाजजन इकट्ठा हुए एवं ढोल एवं मादंल की धुन पर खूब थीरके एवं मेले में झूले चकरी का भी लुफ्त उठाया इसी के साथ इस पारंपरिक त्यौहार में कांग्रेस के आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल जोबट से विधायक सेना महेश पटेल युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने अपने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ गैर निकाल वहीं दूसरी ओर भाजपा की ओर से प्रदेश मंत्री श्रीनगर सिंह चौहान द्वारा निकाली गई गैर में मंत्री श्री कैलाश जी विजयवर्गीय भी हुए शामिल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के ने मंत्री श्री नगर सिंह चौहान के साथ ढोल एवं बांसुरी बजाने का लाभ उठाया गैर में शामिल अलीराजपुर रतलाम सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत श्री जयपाल खरत भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा जिला अध्यक्ष मक्कू परवाल एवं सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भगोरिया महोत्सव में दुकानदारों से वसूले गए अधिक रुपए

**नेपानगर।** भगोरिया महोत्सव में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा मनमाने तरीके से दुकानदारों से वसूली की गई। आदिवासी दुकानदारों से एक हजार रुपए से लेकर तीन हजार रुपए तक वसूले गए। आदिवासी दुकानदारों का विरोध- आदिवासी दुकानदारों और आसपास के दुकानदारों ने नगर पालिका कर्मचारियों की इस मनमानी का विरोध किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन रतलाम की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

### फेडरेशन द्वारा वर्ष 2026 को सेवा, सदस्यता और सक्रियता के मुख्य प्रकल्प के साथ मनाने का लिया निर्णय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की जिला बैठक जिलाध्यक्ष वरुण पोरवाल की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री पोरवाल ने फेडरेशन की आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। श्री पोरवाल ने बताया की आगामी वर्ष में सदस्यता ,सेवा एवं सक्रियता को आधार रख ,संस्था ने वैश्य हित में कार्य करने का निर्णय लिया गया है वरुण पोरवाल के रामबाग स्थित निवास पर आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि फेडरेशन के द्वारा आगामी दिनों मे जिला विधिक प्राधिकरण के सहयोग से वेशयजनों को विधिक सेवा मे आ रही समस्याओ से निपटने के लिए कानून सेल का गठन कर संगोष्ठी के माध्यम से समझाया जावेगा, कानूनी सेल के अंतर्गत वैश्यजनों को नि:शुल्क कानूनी सलाह , काउंसलिंग एवं आपसी वाद विवादों में मार्गदर्शन एवं परामर्श उपलब्ध किया जाएगा जिससे कि समाजजन का समय एवं पैसा प्रकरणों में बर्बाद नहीं हो, वैश्य बालिकाओं को काउंसलिंग की सुविधा भी दी जाएगी ह्य वैश्य व्यापारियों को भी आर्बिट्रेशन के माध्यम से सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसकी के साथ महिला इकाई का भी गठन किया जावेगा जिससे कि जिले की वैश्य महिलाएं सशक्त बने एवं उन्हें विभिन्न कुटुम्ब उद्योग स्थापित करने हेतु भी प्रेरित किया जाएगा। संस्था पदाधिकारियों के मध्य आगामी नववर्ष मे राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन करने की सहमति भी बनी। बैठक में जिले भर में सदस्यता अभियान चलाकर एक हजार से अधिक सदस्य बनने हेतु भी संकल्प लिया गया।

बैठक मे वरिष्ठ बी एल मजावदिया, दिलीप मेहता, विशाल डांगी, नीलेश लड्ढा, संजय बाफना, श्रीकांत डोसी, रजनीश गोयल, राजेश माहेश्वरी, महेश अग्रवाल, अभिषेक धूत, सिद्धार्थ मूणत, सुरेश बाहेती, नीलेश बाफना, राजेश धुपिया, चेतन मूणत, अंकित कटारिया, सौरभ मेहता, विपुल मोदी, मयंक गांधी आदि उपस्थित रहे। बैठक मे युवा शाखा के महामंत्री के लिए चेतन मूणत के नाम की घोषणा कर स्वागत किया गया। आभार जिला महामंत्री दिलीप मेहता ने माना।



# मृणाल ठाकुर ने अल्लू अर्जुन को भेजा बुके

## 'पुष्पा 2' के लिए अवॉर्ड मिलने पर दी बधाई; एक्टर बोले- कभी साथ काम करेंगे

70वें फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड्स में एक्टर अल्लू अर्जुन को फिल्म पुष्पा 2 के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अल्लू अर्जुन को फूलों का बुके भेजा और एक नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, सर, फिल्मफेयर में बेस्ट एक्टर अवॉर्ड जीतने पर दिल से बधाई। यह सम्मान आपके लिए पूरी तरह सही है। आपकी मेहनत, गहराई और हर परफॉर्मेंस में दिखने वाली एनर्जी प्रेरित करती है।

अल्लू अर्जुन ने इस बुके की तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की। उन्होंने जवाब में लिखा, बहुत-बहुत धन्यवाद मृणाल। आपका मैसेज बहुत प्यारा है। उम्मीद है किसी दिन आपके साथ काम करने का मौका मिलेगा। इससे पहले उन्होंने अवॉर्ड सेरेमनी की भी झलक सोशल मीडिया पर शेयर की थी। उन्होंने लिखा, फिल्मफेयर का धन्यवाद इस सम्मान के लिए। यह मेरे लिए खास है। मैं यह अवॉर्ड अपने फैंस को समर्पित करता हूं, जिनका प्यार हमेशा मेरे साथ है।

**फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में पुष्पा 2 ने कई अवॉर्ड जीते–** बता दें कि फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ 2026 में पुष्पा 2 ने 5 अवॉर्ड जीते। सुकुमार को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला। नवीन यरनेनी और वाई रवि शंकर को बेस्ट फिल्म का सम्मान मिला। देवी श्री प्रसाद को बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर और रामकृष्ण और मोनिका को बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड मिला। बता दें कि यह फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही। यह 2021 की फिल्म पुष्पाः द राइज का सीक्वल है। फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका मंदाना, फहाद फासिल, जगपति बाबू, सुनील और राव रमेश नजर आए थे।

# दीपिका पादुकोण ने द व्हाइट लॉटस का दूसरा मौका गंवाया

**ऑडिशन देने से इंकार बना वजह, हॉलीवुड प्रोजेक्ट फिर हाथ से निकला**



बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने हॉलीवुड की चर्चित सीरीज द व्हाइट लॉटस के चौथे सीजन में भूमिका निभाने का मौका खो दिया है। यह खबर सोशल मीडिया और मीडिया रिपोर्ट्स के जरिये तहलका मचा रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि उन्होंने सीरीज के लिए ऑडिशन देने से मना कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, द व्हाइट लॉटस के मेकर्स उन्हें इस प्रतिष्ठित एंटीथोलॉजी ड्रामा सीरीज के लिए अप्रोच करना चाहते थे, लेकिन कास्टिंग प्रक्रिया के तहत ऑडिशन अनिवार्य है। रिपोर्ट में बताया गया है कि शो के निमार्ता हर कलाकार से ऑडिशन लेना चाहते थे, लेकिन दीपिका इस प्रक्रिया के लिए तैयार नहीं थीं। यही वजह रही कि यह इंटरनेशनल मौका उनके हाथ से निकल गया।


यह कोई पहली बार नहीं है जब दीपिका को इस शो के लिए अप्रोच किया गया हो। बताया जा रहा है कि पिछले सीजन (सीजन 3) के दौरान भी उनसे संपर्क किया गया था, लेकिन उस समय वह प्रेग्नेंसी के कारण भूमिका स्वीकार नहीं कर पाईं थीं। अब जबकि सीजन 4 की तैयारियां चल रही हैं, मेकर्स ने फिर से उनसे संपर्क किया, लेकिन इस बार ऑडिशन की शर्त के कारण बातचीत आगे नहीं बढ़ी।

बता दें कि द व्हाइट लॉटस एक बहुत ही लोकप्रिय और क्रिटिकली अक्लेम्ड अमेरिकी ब्लैक-कॉमेडी ड्रामा सीरीज है, जिसे माइक व्हाइट ने बनाया है। यह शो दुनिया भर में शानदार समीक्षा और एमी अवॉर्ड्स के लिए भी जाना जाता है, और इसमें हर सीजन एक नए लोकेशन व नए कलाकारों के साथ अलग कहानी दशार्ता है। अगर दीपिका इसमें शामिल हो पातीं तो यह उनके हॉलीवुड में एक बड़े कमबैक जैसा होता, क्योंकि उन्होंने 2017 की फिल्म ट्रिपल एक्सः रिटर्न ऑफ जेंडर केज के बाद हॉलीवुड में ज्यादा काम नहीं किया है। वहीं, दीपिका पादुकोण के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग में दिखेंगी। इसके अलावा, उन्होंने अल्लू अर्जुन के साथ एक बड़े प्रोजेक्ट में भी काम किया है, जिसे दर्शक काफी उत्साह से देख रहे हैं।



# रश्मिका-विजय की फिल्म राणाबाली का फर्स्ट लुक रिलीज

**शादी के जश्न के बीच फैंस को बड़ा सरप्राइज, कपल की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री ने जीता दिल**




शादी के जश्न के बीच फैंस को बड़ा सरप्राइज मिला। साउथ स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की अपकमिंग फिल्म राणाबाली का फर्स्ट लुक और गाना रिलीज कर दिया गया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर खास वीडियो शेयर कर कपल को शादी की बधाई भी दी।

राणाबाली के मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें रश्मिका और विजय के किरदारों, राणाबाली और जयम्मा की शादी से जुड़े खूबसूरत पल दिखाए गए हैं। वीडियो में दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री बेहद शानदार तरीके से कैद की गई है, जिससे फैंस में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। साथ ही राणाबाली का पहला गाना एंधय्या साथी /ओ मेरे साजन भी जारी किया गया है। यह ट्रैक खास तौर पर फिल्म के शादी वाले सीन को पिरोता है और दर्शकों को 19वीं सदी के माहौल में रोमांटिक जादू का अहसास कराता है। फिल्म राणाबाली को राहुल सांकृत्यायन ने निर्देशित किया है। यह 11 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक पैन-इंडिया ऐतिहासिक ड्रामा है जिसमें विजय देवरकोंडा एक सिपाही राणाबाली की भूमिका में हैं और रश्मिका जयम्मा का किरदार निभा रही हैं।

# 'स्पिरिट' से विवेक ओबेरॉय का खतरनाक फर्स्ट लुक जारी

**प्रभास स्टारर फिल्म में दिखा इंटेंस अवतार, फैंस बोले 1000 करोड़ क्लब तय**

साउथ के सुपरस्टार प्रभास की अपकमिंग फिल्म स्पिरिट से बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय का पहला लुक आज जारी किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इस दमदार पोस्टर को शेयर करते ही सोशल मीडिया पर फैंस की प्रतिक्रियाओं का हुजूम देखने को मिला, जिसमें कई लोग फिल्म को 1000 करोड़ क्लब तक पहुंचते देखने की बात कह रहे हैं। फिल्म के मेकर्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर विवेक के किरदार का पोस्टर शेयर किया, जिसमें वह एक कटर सिंगर और स्टाइलिश लुक में दिखाई दे रहे हैं। लॉन्ग कोट, धूम्रपान करते हुए सिगार




और हाथ में तलवार लिए विवेक का यह अवतार काफी ग्रिट्टी और इंटेंस लगता है, जो कि दर्शकों में एक अलग ही उत्साह भर रहा है।

इस पोस्टर में साथ में नई अभिनेत्री ऐश्वर्या देसाई का भी एंट्री-लेवल रुप दिखाया गया है। वह एक सस्पेंस फ्लेवर वाली सीन में नजर आ रही हैं, जिसे देखकर कई लोग फिल्म की कहानी में उनके किरदार की भूमिका के बारे में अनुमान लगाने लगे हैं।

स्पिरिट के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा हैं, जिनके पिछले प्रोजेक्ट एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाल मचाया था। यही वजह है कि इस फिल्म से जुड़ी हर अपडेट को बड़ी बेसब्री से फैंस और क्रिटिक्स दोनों ही देख रहे हैं। इंडस्ट्री में यह मानना है कि इस फिल्म में प्रभास के साथ विवेक ओबेरॉय का विलेन जैसा किरदार दर्शकों के लिए एक नया एक्साइटमेंट लेकर आएगा। फिल्म में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं और यह फिल्म 5 मार्च 2027 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। माना जा रहा है कि फिल्म को आठ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा, जिससे इसका ग्लोबल मार्केट पर असर और भी ज्यादा होगा। सोशल मीडिया पर जबर्दस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कई यूजर्स ने इसे विवेक का जबरदस्त कमबैक बताया है और सुर्खियों में यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती है।



### आईसीसी टूर्नामेंट में पांचवीं बार होगा भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल, अब तक मुकाबला 2-2 से बराबर

# 1983 और 2024 में अंग्रेजों को हराया, चैंपियन भी बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड आईसीसी टूर्नामेंट में पांचवीं बार सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। अब तक खेले गए 4 मुकाबलों में दोनों टीमें 2-2 जीत के साथ बराबरी पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने इंग्लैंड को जब भी सेमीफाइनल में हराया, देश तब खिताब जीतने में भी कामयाब रहा।

भारत-इंग्लैंड पहला सेमीफाइनल 1983 वनडे वर्ल्ड कप में हुआ था। तब भारत ने अंग्रेजों को हराया और फिर फाइनल में वेस्टइंडीज को मात देकर टीम चैंपियन बनी। दोनों टीमें सेमीफाइनल में आखिरी बार 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में भिड़ीं। तब भी भारत ने इंग्लैंड को हराया और फिर फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब जीता। 1987 वनडे वर्ल्ड कप और 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल हुआ था। इन दो मौकों पर इंग्लैंड ने जीत हासिल की।

**1983: जब अंडरडॉग भारत ने इंग्लैंड का घमंड तोड़ा-** 1983 के सेमीफाइनल में भारत ने मेजबान इंग्लैंड को 6 विकेट से हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में मुकाबले से पहले इंग्लिश मीडिया और एक्सपर्ट्स ने भारत की हार लगभग तय मान ली थी। टॉस हारने के बावजूद कप्तान कपिल देव ने धीमी पिच को भांप लिया। इंग्लैंड की पूरी टीम 60 ओवर में 213 रन पर सिमट गई। कपिल देव ने 3 विकेट लिए, जबकि मोहिंदर अमरनाथ ने 12 ओवर में सिर्फ 27 रन देकर 2 विकेट चटकाए। 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत खराब रही। 50 रन पर 2 विकेट गिर चुके थे। इसके बाद अमरनाथ (46 रन) और यशपाल शर्मा (61 रन) ने 92 रन की साझेदारी कर पारी को स्थिरता दी। यशपाल का बॉब विलिस पर जड़ा गया लेग-साइड छक्का आज भी मशहूर है। जब भारत जीत के करीब था, तब संदीप पाटिल ने मुकाबले को यादगार बना दिया। उन्होंने बॉब विलिस के एक ओवर में 4 चौके जड़ते हुए इंग्लैंड की उम्मीदें तोड़ दीं। पाटिल ने 32 गेंदों में नाबाद 51 रन की तेज पारी खेली। इस जीत ने भारत को वह आत्मविश्वास दिया, जिसके दम पर टीम ने लॉर्ड्स में फाइनल खेला और आगे चलकर दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को हराकर पहली बार वर्ल्ड कप भी अपने नाम किया।




**1987: गूच की स्वीप मास्टरक्लास ने 83 का बदला लिया-** 1987 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने भारत को 35 रन से हराकर 1983 की हार का हिसाब बराबर कर दिया। घरेलू मैदान पर खिताब जीतने का भारतीय सपना यहीं टूट गया। इस मैच की सबसे बड़ी कहानी थे ग्राहम गूच। स्पिन के लिए मशहूर पिच पर उन्होंने भारतीय स्पिनर्स मनिंदर सिंह और रवि शास्त्री के खिलाफ स्वीप शॉट की बौछार कर दी। गूच ने अपनी पारी में 11 चौके लगाए और 136 गेंदों पर 115 रन बनाए। तीसरे विकेट के लिए उन्होंने माइक गेटिंग के साथ 117 रन की अहम साझेदारी की। इंग्लैंड ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। यह मुकाबला सुनील गावस्कर के वनडे करियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ। वे सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए। 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 64 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन उनके आउट होते ही भारतीय पारी लड़खड़ा गई। भारत ने आखिरी 5 विकेट महज 15 रन के भीतर गंवा दिए और 45.3 ओवर में 219 रन पर सिमट गया। दिलचस्प संयोग यह रहा कि 1983 में भारत ने इंग्लैंड को उसके घर में हराया था। 4 साल बाद इंग्लैंड ने भारत को भारत में हराकर बदला पूरा किया।

**2022: बटलर-हेल्स में 170 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप-** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड ओवल में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से हरा दिया। 169 रन के लक्ष्य को इंग्लैंड ने सिर्फ 16 ओवर में हासिल कर लिया। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर (80* रन, 49 गेंद) और एलेक्स हेल्स (86* रन, 47 गेंद) ने 170 रन की नाबाद ओपनिंग साझेदारी की। यह उस समय टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 168/6 बनाए। विराट कोहली ने 50 (40 गेंद) की पारी खेली। इस मैच में वे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 4000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने। हार्दिक पंड्या ने 63 (33 गेंद, 4 चौके और 5 छक्के) बनाए, लेकिन पावरप्ले में मैच का रुख तय हो गया। भारत ने पहले 6 ओवर में 38 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड ने 63 रन बना डाले। नई गेंद से भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह प्रभाव नहीं छोड़ पाए। इसके बाद हेल्स को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## पाकिस्तान की वर्ल्डकप टीम के प्लेयर्स पर 50-50 लाख जुर्माना




### टीम के खराब प्रदर्शन से पीसीबी नाराज बोला- हारने की सजा मिलनी चाहिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। बोर्ड अपने खिलाड़ियों से जुमार्ना वसूलने वाला है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पाकिस्तान के हर खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपए (16.28 लाख भारतीय रुपए) का जुर्माना लगाया गया। बोर्ड अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अब खिलाड़ियों को आर्थिक फायदा केवल अच्छे प्रदर्शन के आधार पर ही मिलेगा।

**भारत के मैच के बाद लगा दिया था जुर्माना-** पाकिस्तानी फैंस के साथ बोर्ड अधिकारी भी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाराज हैं। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद ही हर पाकिस्तानी खिलाड़ी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया गया था। पीसीबी ने कहा कि अगर अच्छे प्रदर्शन पर इनाम मिलता है, तो खराब प्रदर्शन पर सजा भी मिलेगी। भारत से हार के तुरंत बाद टीम को यह फैसला बता दिया गया था।

**नेशनल प्लेयर्स को हर महीने लाखों रुपए मिलते हैं-** पाकिस्तान में नेशनल टीम का हिस्सा प्लेयर्स को 4 कैटेगरी में सैलरी मिलती है। ए कैटगरी में करीब 65 लाख, बी कैटेगरी में 45 लाख, सी कैटेगरी में 20 लाख और डी कैटेगरी में 12.50 लाख रुपए हर महीने मिलते हैं।












### अनुशासित निवेश के लिए

## एसआईपी का ढेर नहीं संतुलित पोर्टफोलियो बनाना जरूरी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अनुशासित निवेश के लिए एसआईपी जरूरी है। ये बाजार के उतार-चढ़ाव का औसत निकालकर लंबी अवधि में बेहतर परिणाम देते हैं।

नोएडा के रहने वाले आशीष ने नई नौकरी लगते ही म्यूचुअल फंड में निवेश शुरू कर दिया। आशीष ने एक या दो नहीं, बल्कि 2,000 की 12 अलग-अलग म्यूचुअल फंड एसआईपी शुरू कर दीं। उन्हें लगा कि उन्होंने एक बड़ा पोर्टफोलियो बना लिया है और उन्होंने सोचा कि जितने ज्यादा फंड होंगे, उतना ही ज्यादा विविधीकरण होगा और उतना ही ज्यादा पैसा बनेगा। आशीष जैसे कई लोग एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अनुसार, 2025 की शुरूआत में एसआईपी के माध्यम से मासिक निवेश 26,400 करोड़ रुपये था, जो जनवरी 2026 तक 31,002 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, हकीकत यह है कि आशीष का पोर्टफोलियो संतुलित नहीं है, बल्कि यह पोर्टफोलियो ओवरलैपिंग का शिकार है। आशीष के 12 फंडों में से 10 ने रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस के शेयर खरीद रखे हैं। यह निवेश नहीं है, इसे ओवर-डाइवर्सिफिकेशन कहा जाता है। अगर रिलायंस का शेयर गिरता है, तो आशीष के सभी 12 फंड एक साथ नीचे आएंगे। जब 2025 में बाजार में उतार-चढ़ाव आया तो उन लोगों के पोर्टफोलियो सबसे ज्यादा गिरे जिन्होंने केवल स्मॉल-कैप में निवेश किया था। जब बाजार चढ़ता है, तो हर कोई विजेता दिखता है, लेकिन असली निवेशक वही है जिसका पोर्टफोलियो गिरावट के दौरान कम गिरे।

### भारत में डिजिटल रोजगार का बड़ा इंजन बना यूट्यूब

# 2024 में जीडीपी में 16000 करोड़ का योगदान 9.3 लाख नौकरियों को सहारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में यूट्यूब अब केवल एक वीडियो प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि एक व्यापक आर्थिक संरचना के रूप में उभर रहा है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2024 में यूट्यूब के क्रिएटिव इकोसिस्टम ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 16,000 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया और लगभग 9 लाख 30 हजार पूर्णकालिक समकक्ष नौकरियों को समर्थन प्रदान किया। यह आंकड़ा उस प्लेटफॉर्म की आर्थिक शक्ति को दशार्ता है जिसकी शुरूआत कभी एक साधारण वीडियो शेयरिंग प्रयोग के रूप में हुई थी।

रिपोर्ट के अनुसार पिछले तीन वर्षों में यूट्यूब ने भारत में क्रिएटर्स, कलाकारों और मीडिया कंपनियों को 21,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। 2007 में शुरू किए गए रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल को कंपनी इस परिवर्तन की नींव मानती है। इसी मॉडल के तहत यूट्यूब पार्टनर प्रोग्राम के माध्यम से क्रिएटर्स को उनके कंटेंट से उत्पन्न विज्ञापन और सब्सक्रिप्शन राजस्व का 55 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। अध्ययन में बताया गया है कि भारत में कमाई करने वाले 63 प्रतिशत क्रिएटर्स के लिए यूट्यूब उनकी प्राथमिक आय का स्रोत बन चुका है। वर्ष 2024 में 65,000 से अधिक भारतीय चैनलों ने एक लाख रुपये से ज्यादा की आय दर्ज की।

कंपनी ने अगले दो वर्षों में भारतीय क्रिएटर्स, कलाकारों और मीडिया साझेदारों के विकास के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने की घोषणा की है। यह निवेश न केवल कंटेंट निर्माण को गति देगा, बल्कि डिजिटल उद्यमिता को भी नई दिशा देगा। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि जिन छोटे और मध्यम उद्यमों के पास यूट्यूब चैनल है, उनमें से 70 प्रतिशत ने माना कि प्लेटफॉर्म ने उनके राजस्व बढ़ाने में भूमिका निभाई। 92 प्रतिशत संगीत कंपनियों ने यूट्यूब को अपने लिए महत्वपूर्ण आय स्रोत बताया।

वित्त और कानून जैसे जटिल विषयों को सरल भाषा में समझाने वाले चैनल लेबर लॉ एडवाइजर के संस्थापकों ने 53 लाख से अधिक सब्सक्राइबर और 1.86 अरब व्यूज हासिल किए हैं। उन्होंने ऑनलाइन कोर्स और स्टेशनरी ब्रांड भी लॉन्च किया है। यह दशार्ता है कि यूट्यूब केवल वीडियो मंच नहीं, बल्कि उद्यम विस्तार का माध्यम बन चुका है।

संगीत और सांस्कृतिक पहुंच के मामले में भी प्लेटफॉर्म की भूमिका महत्वपूर्ण बताई गई है। 82 प्रतिशत संगीत कंपनियों ने कहा कि यूट्यूब उन्हें वैश्विक दर्शकों तक पहुंचने में मदद करता है। 81 प्रतिशत ने इसे नए कलाकारों को स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण माना। रैपर हनुमैनकाइंड का 2024 का गीत बिग डॉग्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा और उनके चैनल पर 27 लाख से अधिक सब्सक्राइबर और 52 करोड़ से अधिक व्यूज दर्ज हुए। गायिका जोनिता गांधी ने भी प्लेटफॉर्म को दर्शकों से सीधे जुड़ने का प्रभावी माध्यम बताया।




- यह परिवर्तन व्यक्तिगत कहानियों में भी स्पष्ट दिखाई देता है। आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग स्नातक अमित शर्मा ने 2016 में क्रेजी एक्सवाईजेड नाम से प्रयोग आधारित वीडियो अपलोड करना शुरू किया था। उनका एक वायरल वीडियो बाइक बनाम रोड रोलर लाखों दर्शकों तक पहुंचा और एल्गोरिदमिक सिफारिशों की ताकत को उजागर किया। आज उनके चैनल के 3.39 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर और 10 अरब से ज्यादा व्यूज हैं। उनकी आय का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा यूट्यूब से आता है। उन्होंने 30 सदस्यीय टीम और 61,000 वर्गफीट का स्टूडियो खड़ा किया है, जो दशार्ता है कि डिजिटल कंटेंट अब संगठित उद्योग का रूप ले चुका है।
- तकनीकी कंटेंट क्रिएटर श्रीमणि त्रिपाठी ने डिजिटल मार्केटिंग से कंटेंट निर्माण की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने तकनीक को सरल और मनोरंजक शैली में प्रस्तुत कर 1.28 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर और 4.4 अरब व्यूज अर्जित किए। उनकी आय का प्रमुख स्रोत ब्रांड साझेदारी, विज्ञापन और एफिलिएट मार्केटिंग है। इसी तरह अनीता बोकेपल्ली, जो कभी ऑफशोर ऑयल रिग पर कार्यरत थीं, ने 2017 में लाइफस्टाइल और वेलनेस कंटेंट शुरू किया। 108 सूर्य नमस्कार की चुनौती पर आधारित एक वीडियो से उनके सब्सक्राइबर तेजी से बढ़े। आज उनके 7 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं और उनकी पूरी आय विज्ञापन, स्पॉन्सरशिप और ऑनलाइन योग कक्षाओं से आती है।

- रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि 71 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने माना कि यूट्यूब स्थानीय इतिहास और संस्कृति के संरक्षण में भूमिका निभाता है। 72 प्रतिशत उपयोगकर्ता विविध पृष्ठभूमियों के क्रिएटर्स को खोजने के लिए एल्गोरिदमिक सिफारिशों पर निर्भर रहते हैं। इस प्रकार प्लेटफॉर्म भारतीय भाषाओं, संगीत, खानपान और लोककथाओं को वैश्विक मंच प्रदान कर रहा है।
- शिक्षा के क्षेत्र में भी यूट्यूब का प्रभाव व्यापक है। 98 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने जानकारी और ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की बात कही। 73 प्रतिशत ने स्वयं को शिक्षित करने के लिए इसका नियमित उपयोग स्वीकार किया। 50 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने समाचार खोजने के लिए यूट्यूब का सहारा लिया, जिनमें से 82 प्रतिशत ने विश्वसनीय स्रोत मिलने की पुष्टि की। 97 प्रतिशत शिक्षकों ने बताया कि वे कक्षा या असाइनमेंट में यूट्यूब सामग्री का उपयोग करते हैं, जबकि 93 प्रतिशत ने माना कि यह छात्रों को कक्षा के बाहर भी सीखने में मदद करता है।
- माता-पिता के बीच भी इसका प्रभाव स्पष्ट है। 76 प्रतिशत अभिभावकों ने कहा कि यूट्यूब या यूट्यूब किड्स उनके बच्चों की दुनिया को समझने में मदद करता है। 75 प्रतिशत किशोरों के माता-पिता ने माना कि प्लेटफॉर्म उनके बच्चों को समुदाय की भावना खोजने में सहायता करता है।
- इन आंकड़ों के आधार पर अध्ययन यह संकेत देता है कि यूट्यूब भारत में एक समानांतर डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहा है, जहां व्यक्तिगत रचनात्मकता, एल्गोरिदमिक पहुंच और डिजिटल वितरण मिलकर रोजगार और उद्यम के नए अवसर पैदा कर रहे हैं। हालांकि विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि इस तीव्र विस्तार के साथ नियमन, कंटेंट गुणवत्ता और डिजिटल जिम्मेदारी जैसे मुद्दों पर संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक होगा। फिलहाल 16,000 करोड़ रुपये का जीडीपी योगदान और 9.3 लाख नौकरियों का समर्थन इस बात का संकेत है कि भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था तेजी से डिजिटल प्लेटफॉर्म के इर्द-गिर्द संगठित हो रही है और यूट्यूब उसमें केंद्रीय भूमिका निभा रहा है।

### फरवरी में चार महीनों के उच्चतम स्तर पर

## पहुंचा भारत का पीएमआई, निर्यात को लेकर क्या कहते हैं आंकड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फरवरी में भारत की मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि मजबूत रही और पीएमआई बढ़कर 56.9 पर चार महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसे मजबूत घरेलू मांग और नए ऑर्डरों का सहारा मिला। हालांकि, नए निर्यात ऑर्डरों की वृद्धि 17 महीनों के सबसे धीमे स्तर पर रही।

फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार और मजबूत हुई है। एचएसबीसी के सर्वे के अनुसार मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स जनवरी के 55.4 से बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर 56.9 पर पहुंच गया। यह स्तर सेक्टर की सेहत में स्पष्ट सुधार और निरंतर विस्तार का संकेत देता है।

**घरेलू मांग से कैसे पड़ा असर-** सर्वे में बताया गया कि घरेलू मांग में मजबूत बढ़त ने नए ऑर्डरों को बढ़ावा दिया, जिससे उत्पादन में चार महीने की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। मांग में मजबूती, मार्केटिंग पहलों और ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के चलते नए कारोबार में लगातार इजाफा हुआ। नए ऑर्डरों की वृद्धि दर ऐतिहासिक रूप से ऊंची बताई गई और यह पिछले साल अक्तूबर के बाद सबसे मजबूत रही।



**चार महीने की हुई सबसे तेज गति-** उत्पादन भी चार महीने की सबसे तेज गति से बढ़ा और दीर्घकालिक औसत से ऊपर रहा। पैनल सदस्यों के मुताबिक दक्षता में सुधार, मजबूत मांग, नए काम के बढ़ते ऑर्डर और तकनीकी निवेश ने उत्पादन वॉल्यूम को सहारा दिया। बढ़ते कार्यभार के बीच कंपनियों ने कच्चे माल की खरीद बढ़ाई, इन्वेंट्री में इजाफा किया और अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती की, जो मांग की निरंतरता को लेकर भरोसा दर्शाता है।

#### बाहरी मांग को लेकर क्या कहते हैं आंकड़े?

हालांकि, निर्यात ऑर्डरों की वृद्धि में नरमी देखी गई। फरवरी में बाहरी मांग में विस्तार 17 महीनों के सबसे धीमे स्तर पर रहा, जो दीर्घकालिक औसत के करीब रहा। जहां निर्यात बिक्री बढ़ी, वहां कंपनियों ने एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका से मांग का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार एक क्षेत्र जहां वृद्धि में कमी आई, वह नए निर्यात ऑर्डर रहे, जिनमें फरवरी में बढ़ोतरी 17 महीनों की सबसे धीमी रही।

#### क्या है उद्योग जगत का अनुमान?

इसके बावजूद समग्र परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। आने वाले एक साल के लिए उत्पादन को लेकर कंपनियां आशावादी दिखीं, जहां 16 प्रतिशत कंपनियों ने वृद्धि का अनुमान जताया, जबकि 1 प्रतिशत से भी कम ने गिरावट की आशंका जताई। कुल मिलाकर, फरवरी के पीएमआई आंकड़े संकेत देते हैं कि मजबूत घरेलू मांग विनिर्माण गतिविधियों को सहारा दे रही है, भले ही निर्यात वृद्धि की रफ्तार कुछ धीमी पड़ी हो।

### पाकिस्तान के शेयर बाजार में भूचाल

## एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट सूचकांक 16000 अंक गिरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान का केएसई-100 सूचकांक 2.99 अंक गिरकर 151,972 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 9.57 अंकों की गिरावट दशार्ता है। यह पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज के इतिहास में एक दिन में हुई सबसे बड़ी गिरावट है। आइए इस बारे में जानें।

पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में सोमवार को एक दिन में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जब केएसई-100 बेंचमार्क 16,089.17 अंक गिर गया। केएसई-100 सूचकांक 2.99 अंक गिरकर 151,972 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 9.57 अंकों की गिरावट दशार्ता है। यह पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज के इतिहास में एक दिन में हुई सबसे बड़ी गिरावट है।

कैपिटल इन्वेस्टमेंट्स के वित्तीय विश्लेषक कौकब फरशोरी ने कहा कि क्षेत्र में अनिश्चित भू-राजनीतिक स्थिति के कारण यह गिरावट आई। उन्होंने इसे कुछ फंडों और नए लीवरेज्ड खिलाड़ियों द्वारा की गई बिकवाली के कारण बाजार की अतिप्रतिक्रिया करार दिया।

रमजान के महीने के कारण, पीएसई आधे दिन के लिए संचालित होता है, लेकिन अंकों में अचानक गिरावट के कारण, दोपहर के आसपास व्यापार को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था।

कौकाब ने कहा कि जब पिछले सप्ताह बाजार बंद हुआ, तो क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के कारण पहले से ही अस्थिरता का माहौल था। पाकिस्तानी सरकार ने शनिवार से शुरू होने वाले अगले 15 दिनों के लिए पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भी वृद्धि की है।

सोमवार को सुबह 10:30 बजे जब कारोबार शुरू हुआ, तो सूचकांक अपने पिछले बंद भाव 168,062.16 अंकों से 12,334,88 अंक गिर चुका था, जो 7.34 प्रतिशत की गिरावट का संकेत देता है। अन्य वित्तीय विश्लेषकों के अनुसार, सूचकांक में गिरावट के चलते कुछ निवेशकों ने स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश की है, जिसके चलते कुछ शेयरों में भी गिरावट आई है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस-कार की टक्कर, 6 की मौत

### उछलकर 10 फीट दूर गिरी, पिछला हिस्सा चकनाचूर; होली पर घर जा रहे थे




ब्रह्मास्त्र ▸▸ हाथरस

यूपी के हाथरस में यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के डबल डेकर बस ने चलती इको वैन को पीछे टक्कर मार दी। हादसे में वैन सवार 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए। सभी मृतक धौलपुर (राजस्थान) के बताए जा रहे हैं। होली के लिए घर जा रहे थे।

बस दिल्ली से गोरखपुर, जबकि वैन दिल्ली से धौलपुर जा रही थी। ओवरटेक करने की कोशिश करते वक्त टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईको वैन उछलकर 10 फीट दूर गिरी। उसका पिछला हिस्सा चकनाचूर हो गया। बस के अगले को हिस्से को भी नुकसान हुआ। गनीमत रही कि बस सवार यात्रियों को चोट नहीं आई।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सड़क पर लाशें बिछ गईं। एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल उपचार के लिए खंदौली सीएचसी भेजा गया। जहां से तीन को गंभीर हालत में खंदौली से आगरा रेफर कर दिया गया। हादसा सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी हरिया के पास हुआ।

### इको वैन से राजस्थान के राजाखेड़ा जा रहे थे 13 लोग

हाथरस में यमुना एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 141 पर एक निजी डबल डेकर बस गोरखपुर की तरफ जा रही थी। बस के आगे इको वैन चल रही थी। वैन में 13 लोग सवार थे। सभी होली के त्योहार के लिए अपने-अपने घर राजस्थान के राजाखेड़ा (धौलपुर) जा रहे थे। तड़के 4.15 बजे तेज रफ्तार बस ने वैन को ओवरटेक करने की कोशिश की और बेकाबू होकर वैन को पीछे से टक्कर मार दी।

मृतकों की पहचान हुई, सभी धौलपुर, राजस्थान के रहने वाले हादसे में 6 मृतकों में से 4 मृतकों की पहचान दिनेश (50) पुत्र होतम सिंह, उनकी पत्नी सुनीता (48), विजय बघेल (27) पुत्र सुखराम, उनकी पत्नी पिंकी बघेल (26) के रूप में हुई है। दो की शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। सभी गंगोली, राजाखेड़ा (राजस्थान) के बताए जा रहे हैं।

घायलों में चार बच्चे भी शामिल हादसे में इको चालक वीरेंद्र पुत्र रामप्रकाश भी घायल है। इसके अलावा राजाखेड़ा के ही मनोज पुत्र सुरेश, आर्यन (8)-अंशु (6) पुत्र अजय, मृतक विजय का बेटा लक्ष्य (1), बेटी प्राची (3) और उनकी साली पूनम बघेल (15) घायल हैं।

बस चालक से पूछताछ की जा रही घायलों को उपचार के लिए खंदौली थाना क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से ओवरटेक करने के कारण हुआ। बस चालक से पूछताछ की जा रही है।

# इजराइल-ईरान जंग, यूएई से 4 फ्लाइट भारत पहुंचीं पीएम मोदी ने 48 घंटे में 5 प्रमुख ष्ट्राध्यक्षों से बात की

## कश्मीर में लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इजराइल-ईरान जंग का आज चौथा दिन है। राहत की बात यह रही कि सोमवार देर रात वअए में फंसे भारतीय लौट आए। उन्हें लेकर दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु 4 फ्लाइट पहुंचीं। मिडिल ईस्ट के हालात और खामेनेई की मौत के बाद दुनियाभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। भारत में भी कश्मीर से लेकर कोच्चि तक शिया समुदाय ने प्रदर्शन किए।

कश्मीर में पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा। हालांकि भारत सरकार ने सभी राज्यों को भड़काऊ भाषणों के लिए अलर्ट रहने के लिए कहा है। इधर, एविएशन कंपनी इं?डिगो 3 मार्च को सऊदी अरब के जेद्दा से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के ?लिए 10 स्पेशल राहत उड़ानें चलाएगी। वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट के लिए उड़ान शुरू कर रही है। इस बीच, अबू धाबी की एतिहाद, दुबई की एमीरात और फ्लाईदुबई ने चुनिंदा उड़ानें शुरू कर दी हैं। अबू धाबी एयरपोर्ट से एतिहाद की 15 उड़ानें इस्लामाबाद, पेरिस, एम्सटर्डम, मुंबई, काहिरा, लंदन के लिए रवाना हुईं।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर पिछले 48 घंटों में खाड़ी देशों के कई प्रमुखों से बात की। सबसे पहले उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की। हवाई हमलों और भारतीय समुदाय की सुरक्षा पर चर्चा की।

इनके अलावा बहरीन के किंग हमाद बिन अल खलीफा, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद ?बिन सलमान और जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला बिन अल-हुसैन से फोन पर बात की। पीएम ने इन सभी देशों के नेताओं से कठिन घड़ी में साथ देने की बात कही।

## उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की संभावना मप्र के 11 जिलों में तापमान 33 डिग्री के पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



उत्तराखंड में होली के बाद बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो 7 मार्च को 5 जिलों में बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। इनमें उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाके शामिल हैं। मध्य प्रदेश में मार्च के पहले दिन रविवार को प्रदेश में मौसम साफ रहा। तेज धूप निकलने की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हुई। धार, गुना, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, श्योपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, सतना, सिवनी में तापमान 33 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया।

राजस्थान में तापमान चढ़ने से दिन के साथ-साथ अब रात में भी गर्मी बढ़ने लगी है। अधिकांश शहरों का न्यूनतम तापमान सामान्य से 2डिग्री से 7डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हो रहा है। बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 23डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। **अगले दो दिन कैसा रहेगा मौसम-** 4 मार्चः मैदानी क्षेत्रों में शुष्क और गर्माहट वाली स्थिति बनी रहेगी, तापमान दिन में 23-28त्त के आसपास रहेगा। 5 मार्चः बारिश-बर्फबारी के आसार नहीं हैं, सूखे जैसे हालात बने रहेंगे, सुबह हल्का ठंडक लेकिन दिन में गर्माहट भरी स्थिति रहेगी।

**राज्यों के मौसम का हाल-** मध्य प्रदेशः राज्य में अप्रैल-मई में लू चलेगी, मार्च में भोपाल, इंदौर-ग्वालियर में बारिश के आसार मध्य प्रदेश में अबकी बार अप्रैल और मई में हीट वेव यानी, लू चलेगी। 15 से 20 दिन तक लू चल सकती है, लेकिन मार्च में लू चलने का अलर्ट नहीं है। मार्च के शुरुआती दिनों में पारा बढ़ा हुआ जरूर रहेगा। दूसरी ओर, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और चक्रवात की वजह से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-चंबल हिस्से में हल्की बारिश हो सकती है।

## महाराष्ट्र के पालघर में केमिकल-प्लांट से ओलियम गैस का रिसाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित एक केमिकल प्लांट में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे ओलियम गैस का रिसाव हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और आपातकालीन की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। रेस्क्यू टीमें प्लांट से गैस रिसाव रोकने की कोशिश में लगी हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर इलाके से करीब 2600 लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया है। फिलहाल घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। पालघर के एसपी यतीश देशमुख ने बताया- बोइसर स्थित भगेरिया केमिकल्स कंपनी में सोमवार दोपहर 2 बजे ओलियम गैस लीक होने की सूचना मिली। जिला प्रशासन और फायर ब्रिगेड गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए ऑपरेशन चला रहे हैं। फिलहाल रिसाव जारी है। ओलियम गैस के कारण बोइसर के ऊपर सफेद धुएं जैसा बादल बन गया है। उन्होंने बताया कि हवा की दिशा में आने वाले रिहायशी और औद्योगिक इलाकों को खाली कराया जा रहा है




## भारत को यूरेनियम देगा कनाडाः

# पीएम मोदी और कार्नी की मुलाकात के बाद करार, डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में सहयोग करेंगे दोनों देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई PM मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है।

दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है।



पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वार को लेकर कहा- पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। पीएम ने आगे कहा- हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए इन खतरों से निपटने में हमारा घनिष्ठ सहयोग आवश्यक है।

## सऊदी अरब में अमेरिकी दूतावास पर ईरानी ड्रोन अटैक

# ट्रम्प बोले- अमेरिकी तुरंत मिडिल ईस्ट छोड़ें; ईरान में अब तक 742 मौतें, इनमें 176 बच्चे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग का आज चौथा दिन है। इस बीच ईरान से आए दो ड्रोनों ने सऊदी अरब के रियाद में अमेरिकी दूतावास पर हमला किया। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकियों से मिडिल ईस्ट से जल्द-जल्द से निकलने को कहा है। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर अभी सबसे बड़ा हमला बाकी है।

उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में दिए बयान में कहा कि ईरान से जंग 4-5 हफ्ते चल सकती है, लेकिन जरूरत पड़ने पर इससे ज्यादा समय तक भी अभियान जारी रहेगा। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी सेना अभी ईरान में बड़े स्तर पर सैन्य कार्रवाई कर रही है। अमेरिका के पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना है और उसका इस्तेमाल किया जा रहा है।

ट्रम्प ने कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू न करने की अमेरिकी चेतावनी को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम खतरा बन रहा था।

### ईरान में 742 की मौत, 750 घायल

अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने मिलकर अब तक ईरान के 1000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। इस दौरान शुरूआती 30 घंटे में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए हैं।

इनमें अब तक 742 लोगों की मौत हो चुकी है, इनमें 176 बच्चे हैं। 750 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 28 फरवरी को शुरू हुई इस लड़ाई के पहले दिन हुई बमबारी में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। इसके अलावा रविवार को 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे।

इजराइली सेना ने तेहरान में हमले का फुटेज जारी किया है। इसमें ईरान के रक्षा मुख्यालय समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया था। मानवाधिकार कार्यकर्ता समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में ईरान में हुए अमेरिकी-इजराइली हमले में कम से कम 85 नागरिक और 11 सैन्यकर्मी मारे गए हैं।

वॉशिंगटन डीसी स्थित समूह ने कहा कि 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिकी-इजराइली हमले के बाद ईरान में कुल नागरिक मृतकों की संख्या कम से कम 742 हो गई है।

इसमें 176 बच्चे भी शामिल हैं। इससे पहले, ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने मृतकों की संख्या 555 बताई थी। हालांकि, इनकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।




### ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री बोले- हमारे सभी सैनिक सुरक्षित

ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि संघर्ष की पहली रात को ईरानी सेना ने अल मिनहाद हवाई अड्डे पर हमला किया, जहां ऑस्ट्रेलियाई सैनिक तैनात हैं।

उन्होंने कहा कि सभी ऑस्ट्रेलियाई सैनिक सुरक्षित हैं और उनकी गिनती हो चुकी है और उनमें से लगभग 100 सैनिक मिडिल ईस्ट में तैनात हैं।

## इजराइली सेना का दावा- फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद चीफ मारा गया



इजराइली सेना ने दावा किया है कि एक हमले में उन्होंने फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद संगठन के प्रमुख को बेरूत में मार गिराया है। साथ ही, वे दावा कर रहे हैं कि इन हमलों में हिज्बुल्लाह के वरिष्ठ सदस्यों को निशाना बनाया गया, जिसमें खुफिया विंग के प्रमुख की मौत भी शामिल है। हालांकि, अभी तक हिज्बुल्लाह की ओर से इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, दक्षिणी लेबनान में लोग फंसे हुए हैं। इजराइली सेना ने जबरन निकासी के आदेश जारी किए हैं। आज शाम को दक्षिण के करीब 50 गांवों के निवासियों को तुरंत अपने घर छोड़ने के लिए कहा गया है, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### दावा-खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी जगह कौन लेगा। यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि ईरान का सुप्रीम लीडर राष्ट्रपति से भी ज्यादा ताकतवर होता है।

ईरान ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया ह्यफार्सह्व समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी। ईरान में सुप्रीम लीडर को रहबर कहा जाता है। 88 मौलवियों की असेंबली सुप्रीम लीडर का चुनाव करती है। दुनिया में ईरान और वेटिकन सिटी ही ऐसे देश हैं जहां धार्मिक नेता सबसे ज्यादा ताकतवर हैं। ईरान में सुप्रीम लीडर का दर्जा ठीक वैसा ही है, जैसा वेटिकन में पोप को हासिल है।

## अमेरिकी फाइटर जेट हवा में चक्कर खाते हुए गिरा: इजराइली आयरन बीम ने हिजबुल्लाह का हमला रोका





ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का आज चौथा दिन है। इजराइली और अमेरिकी सेनाओं ने सोमवार रात ईरान के अहम ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले किए। उसने गल्फ देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बर्बाद करने का दावा भी किया। शनिवार को शुरू हुई इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई की मौत हो चुकी है। अमेरिका-इजराइल तीन दिन में 2000 से ज्यादा बम गिरा चुके हैं। इसमें ईरान में करीब 600 लोग जान गंवा चुके हैं।

## अफगानिस्तान का पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर हमला:तालिबान के मंत्री बोले- हमने डूरंड लाइन पार की,



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद/ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बीते चार दिनों से लगातार हवाई हमले और गोलीबारी जारी है। तालिबान सरकार का कहना है कि हमने पाकिस्तान के बेहद संवेदनशील नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह एयरबेस रावलपिंडी में है।

इसके साथ ही तालिबान के एक मंत्री ने दावा किया कि उनके लड़ाके डूरंड लाइन पार कर पाकिस्तान की जमीन में घुस चुके हैं। तालिबान के मुताबिक, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए हैं।

ये कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से काबुल, बगराम और अन्य इलाकों में किए गए हवाई हमलों के जवाब में की गई। दूसरी तरफ पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि अब तक 400 से ज्यादा अफगान लड़ाके मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं।

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जंग जैसे हालात

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरूआत 22 फरवरी को हुई थी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी।

पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में ळळढ के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 27 फरवरी को पाकिस्तान पर हमला किया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को 'सही समय पर कड़ा जवाब' दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि ळळढ अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में 415 तालिबान लड़ाके मारे


पाकिस्तानी वायुसेना ने दावा किया है कि उसने नंगरहार और कंधार में तालिबान के सैन्य मुख्यालयों को निशाना बनाया। वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। उसने दावा किया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और दो सैन्य मुख्यालयों समेत कई चौकियों पर कब्जा किया गया। तालिबान ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने आगे हमला किया तो और कड़ा जवाब दिया जाएगा।

### पाकिस्तान की संसद में निंदा प्रस्ताव पास

पाकिस्तान की सीनेट ने अफगानिस्तान के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आगे किसी भी उकसावे पर कड़ा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सेना मुख्यालय का दौरा कर जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई। पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने अफगान तालिबान सरकार को गैर-कानूनी बताते हुए आरोप लगाया कि वहां महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकार छीने जा रहे हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन को लेकर लंबे समय से विवाद है। दोनों देश एक-दूसरे पर हमले और आतंकियों को छिपाने का आरोप लगाते रहते हैं। 2021 में अफगानिस्तान हुकूमत पर तालिबान के कंट्रोल के बाद से तनाव और बढ़ गया है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफ्न करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | यु | क | वि |
| टी | बी | सू | ह | क्ष | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ज्ञा | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | डे | डी. | म्म | सी | वें |
| दि | व | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| वे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लां | बा | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# खामेनेई को रात में मारना था, CIA ने बदला प्लानः सुप्रीम लीडर को क्यों नहीं बचा पाए;



## अमेरिका के धोखे की कहानी

### खामेनेई पर हमले के कौन से संकेत मिल रहे थे?

न्यूक्लियर डील पर बातचीत के बीच जनवरी 2025 से ही अमेरिका ने ईरान को घेरना शुरू कर दिया था। फरवरी में दूसरे हफ्ते से अमेरिकी कैरियर वरर जेराल्ड फोर्ड और वरर अब्राहम लिंकन भी पहुंच चुके थे। मिडिल ईस्ट में 2003 में इराक पर हमले के बाद से ये अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती थी।

17 फरवरी को अमेरिका और ईरान के बीच डील पर जेनेवा में दूसरे दौर की बातचीत असफल हो गई। इसके बाद अमेरिका ने अपने करीब 150 फाइटर जेट्स, फ्यूल टैंकर विमान आदि तैनात करने शुरू कर दिए। ईरान अब तक डिफेंसिव ही था। ईरान ने UNSC को लिखे पत्र में कहा कि वह तनाव या युद्ध नहीं चाहता और पहले हमला नहीं करेगा। इस बीच 3 बड़े संकेत मिले कि खामेनेई पर हमला हो सकता है

### ट्रम्प की खुली धमकी- ईरान की सत्ता बदलेंगे

13 फरवरी को नॉर्थ कैरोलिना में एक मिलिट्री इवेंट के दौरान ट्रम्प से पूछा गया कि क्या वह ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। ट्रम्प ने साफ तौर पर कहा, 'ऐसा लगता है कि यही सबसे अच्छी चीज हो सकती है। 24 फरवरी को ट्रम्प ने स्टेट ऑफ यूनियन के भाषण में कहा कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की शैतानी कोशिश दोबारा शुरू कर रहा है। जबकि 2 दिन बाद ही जेनेवा में ओमान की मध्यस्थता में ईरान से तीसरे दौर की बातचीत होने वाली थी।



### मीडिया रिपोर्ट्स में सुप्रीम लीडर पर अटैक का जिक्र

**वॉल स्ट्रीट जर्नल में 19 फरवरी को एक रिपोर्ट छपी। इसमें कहा गया कि अमेरिका, ईरान की न्यूक्लियर और मिसाइल फैसिलिटीज पर हमले और ईरानी लीडरशिप को टारगेट करने के ऑप्शन पर विचार कर रहा है। प्रेसिडेंट ट्रम्प के पास फैसिलिटीज पर लिमिटेड एयर ऑपरेशन या ईरानी सत्ता परिवर्तन के लिए ईरानी नेताओं को मारने के लिए एक बड़ा ऑपरेशन चलाने के विकल्प रखे गए हैं। खामेनेई की मौत के बाद ईरान की सिक्योरिटी काउंसिल के चीफ अली लारीजानी ने भी ईरानी मीडिया से कहा कि ऑफिसर्स को आशंका थी कि खामेनेई को निशाना बनाया जाएगा।**

### खामेनेई ने खुद कहा- हत्या की कोशिश के लिए तैयार रहें

22 फरवरी को छपी ठळ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, खामेनेई ने अपने टॉप सिक्योरिटी ऑफिसर्स और लीडरशिप को निर्देश दिए थे कि नेताओ की हत्या की कोशिश हो सकती है, इसके लिए तैयार रहें। उन्होंने हर लीडरशिप को अपने नीचे चार लेयर्स तक उत्तराधिकारियों को नॉमिनेट करने के लिए कहा था।

### अमेरिका-इजराइल ने ईरान को कैसे चकमा दिया?



CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने 11 फरवरी को ट्रम्प से साथ मीटिंग की। उन्हें लग रहा था कि न्यूक्लियर डील पर बातचीत से कोई फायदा नहीं होगा, इसलिए वे ईरान पर हमला करना चाहते थे। तब ट्रम्प ने बातचीत जारी रखने पर जोर दिया। इसके बाद 17 फरवरी और फिर 26 फरवरी को जेनेवा में ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर ने न्यूक्लियर डील पर ईरानी टीम से तीसरे दौर की बातचीत की।

ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने कहा, समझौते तक पहुंचने का रास्ता शुरू हो चुका है। दोनों पक्ष सहमत हैं।

मध्यस्थता कर रहे ओमान के विदेश मंत्री बदर अलबुसैदी ने भी कहा कि समझौते पर सहमति बनने में अब कोई रोड़ा नहीं है। डील के तकनीकी पहलुओं पर अगले हफ्ते जेनेवा में दोबारा बातचीत होनी थी। यहूदी धर्म में शुक्रवार शब्बात का दिन होता है। यानी छुट्टी लेकर परिवार के साथ आराम और ईश्वर की प्रार्थना का दिन। खामेनेई की हत्या के बाद 1 मार्च को छपी टाइम्स ऑफ इजराइल की एक खबर के मुताबिक, 27 फरवरी को शुक्रवार की शाम इजराइली सैन्य ऑफिसर ने छुट्टी ली। कोई बड़ा मिलिट्री एक्शन होने वाला हो, तो ऑफिसर्स मिलिट्री हेडक्वार्टर में मौजूद रहते हैं। लेकिन 27 की शाम क्ख्क्र के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर और बाकी सीनियर ऑफिसर्स शब्बात को अपने घर चले गए और परिवार के साथ डिनर किया। ऐसा इसलिए किया गया ताकि ईरानी स्पाई नेटवर्क को सब कुछ सामान्य लगे और शक न हो कि कोई बड़ा ऑपरेशन होने वाला है। इसके अलावा अमेरिकी खुफिया एजेंसी उक्ख्र ने ऐन मौके पर ऐसा इनपुट दिया कि हमले की टाइमिंग रात के बजाय दिन में तय दी गई, जबकि दिन में खामेनेई खुद को सेफ महसूस कर रहे थे।

# पिछले साल इजराइल के हमलों में खामेनेई कैसे बचे...

## CIA के इनपुट के बाद खामेनेई पर हमले की टाइमिंग कैसे बदली?

NYT ने इस ऑपरेशन से जुड़े सोर्सेज के हवाले से 1 मार्च को खामेनेई की हत्या के बाद एक रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि अमेरिकी एजेंसी महीनों से खामेनेई पर गुपचुप नजर रख रही थी। वह खामेनेई की एक्टिविटी और उनके ठिकाने के बारे में जानकारी जुटा रही थी।

जून 2025 में ईरान-इजराइल के बीच 12 दिन तक चली जंग के दौरान उक्ख्र का नेटवर्क मजबूत हो गया था। उसे इसकी भी सटीक जानकारी मिल रही थी कि खामेनेई कहां रहते हैं, किससे मिलते हैं, कैसे बातचीत करते हैं और खतरे के हालात में वे कहां छिप सकते हैं। आम तौर पर खामेनेई ईरान की राजधानी तेहरान में एक हाई सिक्योरिटी कैंपस में रहते थे। इसे बेत-रहबरी यानी सर्वोच्च लीडर का घर कहा जाता है। वे बहुत कम ही बिल्डिंग से बाहर निकलते थे। उनका सारा कामकाज इसी बिल्डिंग से चलता था। यहीं सेना के कमांडर हफ्ते में एक बार मीटिंग के लिए आते थे।

CIA को पता चला कि 28 फरवरी यानी शनिवार की सुबह तेहरान के इसी हाई सिक्योरिटी कैंपस की एक बिल्डिंग में टॉप ईरानी ऑफिसर्स की एक बैठक होने वाली है। सबसे खास बात ये पता चली कि खामेनेई भी इसमें शामिल होंगे।

अमेरिकी न्यूज चैनल ने एक इजराइली सोर्स के हवाले से बताया कि खामेनेई दिन के उजाले में खुद को ज्यादा सुरक्षित महसूस करते थे। उन्होंने अपनी सतर्कता कम कर ली थी।

इसी कैंपस में ईरानी राष्ट्रपति का ऑफिस, खामेनेई का ऑफिस और ईरानी नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल का ऑफिस था। उक्ख्र ने अपनी ये हाई फिडेलिटी यानी 'उच्च स्तर की सटीकता' की जानकारी इजराइल को दी। इस दौरान IDF चीफ इयाल जमीर, इजराइली मिलिट्री इंटेलिजेंस के चीफ मेजर जनरल श्लोमी बाइंडर और मोसाद के डायरेक्टर डेविड बर्निया वाशिंगटन में थे।

इस जानकारी के आधार पर अमेरिका और इजराइल ने अपने हमले का टाइम बदला। अमेरिका-इजराइल पहले शुक्रवार की रात में हमला करने वाले थे। फिर बदले हुए प्लान के मुताबिक, इजराइल के फाइटर जेट्स ने शनिवार सुबह करीब 6 बजे अपने ठिकानों से उड़ान भरी। इस हमले के लिए कम विमानों की जरूरत थी, लेकिन ये ज्यादा दूरी तक सटीक हमला करने वाले हथियारों से लैस थे। उड़ान भरने के करीब 2 घंटे बाद तेहरान में सुबह करीब 9 बजकर 40 मिनट पर इजराइली मिसाइल्स का हमला हुआ। इस समय एक इमारत में इजराइली सैन्य ऑफिसर और दूसरी इमारत में खामेनेई मौजूद थे। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, CIA की डिटेल्ड एनालिसिस और अकसिस्टम की मदद से हमले की टाइमिंग और टारगेट तय किए गए। इन हमलों में सटीक हमला करने वाले प्रिसिशन गाइडेड बंकर बस्टर बम, लॉन्ग रेंज मिसाइल्स और एक तरफा अटैक करने वाले ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।




13 जून 2025 को इजराइल ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला शुरू किया। इसके बाद 15 जून को इजराइल ने अपनी सीमा से 2,300 किमी दूर पूर्वी ईरान के मशहद एयरपोर्ट को निशाना बनाया। इसे खामेनेई की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना गया, जिसके बाद उन्हें तेहरान शहर से 343 किमी दूर उत्तर-पूर्वी लाविजान इलाके में बने एक बंकर में शिफ्ट किया गया।

इजराइल ने तेहरान में खामेनेई के कंपाउंड पर भी बम गिराए थे, लेकिन खामेनेई वहां मौजूद नहीं थे। खामेनेई की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए गए उनके कुछ वीडियोज की एनालिसिस करके कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि ये किसी नई जगह से जारी किए गए लो-क्वालिटी वीडियो हैं। खामेनेई, अपने बेटे मोज्तबा खामेनेई और बाकी परिवार के साथ लाविजान के बंकर में रह रहे हैं।

अप्रैल और अक्टूबर 2024 में जब ईरान ने इजराइल पर एयरस्ट्राइक की थी, तब भी खामेनेई यहीं छिप गए थे। खामेनेई इसी बंकर से मैसेज जारी कर रहे थे। उनसे मिलने आने वाले वाले ऑफिसर्स को फोन का इस्तेमाल करने की मनाही थी। उन्हें आंखों पर पट्टी बांधकर खामेनेई के पास लेकर जाया जाता था। ये बंकर जमीन से 200 फीट नीचे है। इतनी गहराई में बने बंकर को आम मिसाइल्स या बमों से तबाह करना मुश्किल होता है। 22 जून को अमेरिकी इ2 बॉम्बर विमानों ने ईरान की न्यूक्लियर लैबोरेट्री पर बमबारी की, लेकिन ऐसी कोई खबर

■ वर्ष-12 अंक-120 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 03 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

धर्मो मातेव पुष्णानि धर्मः पाति पितेव च।
धर्मः सखेव प्रीणाति धर्मः स्निह्यति बन्धुवत्।।

**भावार्थ** : धर्म हमें एक माँ की तरह मजबूत करता है, एक पिता की तरह हमारी रक्षा करता है, हमें एक दोस्त की तरह खुशी देता है, और एक परिवार के सदस्य की तरह स्नेह देता है।

सत्येनोत्पद्यते धर्मो दयादानेन वर्धते।
क्षमायां स्थाप्यते धर्मो क्रोधलोभा द्विनश्यति।।

**भावार्थ** : धर्म सत्य से उत्पन्न होता है, अच्छाई और दान से बढ़ता है, क्षमा से स्वयं को स्थापित करता है और क्रोध और लोभ से नष्ट हो जाता है।

## विशेषज्ञाः वदन्ति यत् प्रथमघण्टा सुवर्णघण्टा इति मन्यते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वायनाड

नागरिकानां कृते सतर्कतामार्गदर्शिकाः अपि सर्वकारेण निर्गताः। यदि कोऽपि साइबर-धोखाधडस्य शिकारः भवति तर्हि एकघण्टायाः अन्तः १९३०-सहायकरेखायाः सम्पर्कं कर्तुं सल्लाहः दत्तः। तदतिरिक्तं राष्ट्रिय-साइबरअपराध-समाचार-पोर्टे शिकायतां ऑनलाइन-रूपेण दाखिलं कर्तुं शक्यते। विशेषज्ञाः वदन्ति यत् प्रथमघण्टा सुवर्णघण्टा इति मन्यते, यस्मिन् समये शीघ्रं कार्यं कृत्वा धनस्य पुनः प्राप्तेः सम्भावना वर्धते। अङ्कीयसुरक्षायाः सावधानताः अपि तथैव महत्त्वपूर्णाः सन्ति। सार्वजनिक-वाई-फाई-जालपुटेषु बैंक-व्यवहारं परिहरितुं, अज्ञात-एप्स्-अवलोकनं न करणं, केनापि सह वा गुप्तशब्दं वा न साझां कर्तुं मूलभूतसुरक्षा-उपायाः सन्ति सूचनाप्रौद्योगिकीकानूनस्य धारा 66 इत्यस्य अन्तर्गतं अन्यस्य व्यक्तिस्य गुप्तशब्दं वा आँकडानां चोरीं कृत्वा त्रयः वर्षाणि यावत् कारावासः।

## सम्पादकीयम्

### आधारभूतसंरचनाक्षेत्रे निवेशं वर्धयिष्यति

निजीनिवेशस्य उदये सर्वकारस्य अपेक्षाः कतिपयवर्षेभ्यः न पूरिताः। अतः सशक्तवृद्धिं प्रवर्धयितुं आधारभूतसंरचनाक्षेत्रे निवेशं वर्धयिष्यति। गम्भीर क्षेत्र सर्वकारेण महत्त्वपूर्णखनिजाः, दुर्लभपृथिव्याः इत्यादीनां खण्डानां प्रचारार्थं स्वस्य रणनीतिकं ध्यानं अपि उक्तम् अस्ति। चीनदेशस्य दुर्लभपृथिवीचुम्बकानां आपूर्तिः अद्यतनकाले नाकाबन्दी अभवत इति दृष्ट्वा एषा उपक्रमः महत्त्वपूर्णा अस्ति। बजट्-पत्रे कृत्रिमबुद्धिः, आँकडा, मेघसेवा इत्यादिषु क्षेत्रेषु उपक्रमाः अपि घोषिताः, ये द्रुतगत्या परिवर्तमानविश्वस्य भूराजनीत्याः च महत्त्वपूर्णाः सन्ति अग्रिमः लक्ष्यः बजटस्य अनन्तरं प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यनेन उक्तं यत् भारतं अधुना विश्वस्य तृतीयबृहत्तम अर्थव्यवस्था भवितुं लक्ष्यं धारयति। २०२६ वित्तवर्षे भारतस्य अनुमानित सकलराष्ट्रीयउत्पादवृद्धिः वैश्विक-अशान्ति-मध्ये महत्त्वपूर्णा अस्ति। २०२७ वित्तवर्षे ७% वृद्धिः सर्वकारेण प्रक्षेपिता अस्ति, यत् विश्वस्य प्रमुखेषु देशेषु सर्वाधिकं भविष्यति। राजकोषीय अनुशासन अस्मिन् बजटे वृद्धेः गतिं निर्वाहयितुम् अपि च सर्वकारेण राजकोषीयघातनियंत्रणस्य विषये सकारात्मकघोषणा अपि कृता अस्ति। २०२६ वित्तवर्षे सकलराष्ट्रीयउत्पादस्य ४.४% घातः आसीत्, परन्तु आगामिवित्तवर्षे ४.३% लक्ष्यं निर्धारितम् अस्ति। भारतस्य सार्वभौममूल्याङ्कनस्य दृष्ट्या एतत् आकङ्क्षणं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। दृढं रेटिंग घरेलुकम्पनीनां संस्थानां च ऋणस्य व्ययस्य न्यूनीकरणं करोति पभोगवृद्धिः महत्त्वपूर्णा अस्ति।

### अङ्कीयशिक्षायाः अस्मिन् युगे लैपटॉप् छात्राणां कृते

# छात्राणां कृते लैपटॉपं पूर्वं एतानि महत्त्वपूर्णानि वस्तूनि ज्ञातव्यम्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अङ्कीयशिक्षायाः अस्मिन् युगे लैपटॉप् छात्राणां कृते विलासः न भवति, अपितु आवश्यकता अस्ति। विद्यालयात् महाविद्यालयपर्यन्तं व्यावसायिकपाठ्यक्रमेषु च शिक्षायाः प्रारूपं प्रत्येकस्मिन् स्तरे तीव्रगत्या परिवर्तमानं वर्तते। छात्राणां कृते ऑनलाइन कक्षाः, परियोजनाकार्यं, प्रस्तुतिः, कोडिंग्, डिजाइनिंग्, शोधं च इत्यादीनां कायाणां कृते विश्वसनीयं शक्तिशालीं च लैपटॉपं आवश्यकम्। अतः २०२६ तमे वर्षे छात्राणां कृते योग्यं लैपटॉपं चयनं पूर्वस्मात् अपि अधिकं महत्त्वपूर्णं जातम्।

सम्प्रति विपण्यां शतशः विकल्पाः उपलभ्यन्ते, बजटतः प्रीमियमपर्यन्तं, येन अभिभावकानां छात्राणां च कृते समीचीनयन्त्रस्य चयनं प्रमुखा आव्हानं भवति विशेषज्ञाः वदन्ति यत् लैपटॉपस्य क्रयणकाले न केवलं मूल्यं, अपितु तस्य कार्यक्षमता, स्थायित्वं, भविष्यस्य आवश्यकताः च विचारणीयाः। त्वरितः सस्तो विकल्पः कतिपयवर्षेभ्यः अन्तः समस्यां जनयितुं शक्नोति।

तकनीकीविशेषज्ञानाम् अनुसारं लैपटॉपस्य महत्त्वपूर्णः भागः तस्य प्रोसेसरः भवति, यः यन्त्रस्य मस्तिष्कं मन्यते। सामान्यनिर्देशानां, अन्तर्जालब्राउजिंग्, ऑनलाइनवगाणां च कृते 3 इत्यादीनि प्रोसेसराः पर्याप्ताः इति मन्यन्ते। परन्तु अभियांत्रिकी, कोडिंग्, ग्राफिक डिजाइन, अथवा विडियो सम्पादनं कुर्वतां छात्राणां कृते 5 उत्तमविकल्पाः सन्ति । उच्चस्तरीयसॉफ्टवेयरस्य, गेमिङ्ग, अथवा उन्नतडिजाइनस्य कृते 7 अथवा 7 प्रोसेसरः प्राधान्यं भवति। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् ये छात्राः स्वस्य लैपटॉपस्य उपयोगं त्रयः चत्वारि वर्षाणि यावत् कर्तुं योजनां कुर्वन्ति ते न्यूनातिन्यूनं मध्यमस्तरीयं प्रोसेसरं चिन्वन्तु।

रैम्, भण्डारणं च प्रत्यक्षतया लैपटॉपस्य कार्यक्षमतां प्रभावितं करोति। २०२६ तमे वर्षे ८जीबी रैम् न्यूनतमा आवश्यकता इति मन्यते, परन्तु दीर्घकालीनसुचारुप्रदर्शनाय १६जीबी रैम् उत्तमः विकल्पः इति मन्यते। बहुकार्यं कर्तुं, बहुभिः ब्राउजं ट्याब् उद्घाटितैः सह कार्यं कर्तुं, प्रोग्रामिंग-उपकरणं वा डिजाइन-सॉफ्टवेयरं चालयितुं च अधिकं रैम् लाभप्रदं भवति। भण्डारणार्थं इदानीं पारम्परिकहार्डडिस्क इत्यस्मात् अपेक्षया ठोस-स्थिति-ड्राइव् प्राधान्यं प्राप्नुवन्ति। न्यूनातिन्यूनं 512युक्तः लैपटॉपः छात्राणां कृते उपयुक्तः इति मन्यते यतः एतत् द्रुततरं बूटिङ्ग, उत्तमं डाटा-प्रवेश-वेगं च प्रदाति। छात्राणां कृते बैटरी आयुः अपि महत्त्वपूर्णविचाररूपेण उद्धृतः अस्ति।

### रेलयानानां दीर्घप्रतीक्षासूची

## आकाशगतिविमानभाडा विशेषरेलयानानि अपि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

होली-उत्सवात् देशे सर्वत्र विशालः यात्रायाः दौर्गन्धः दृश्यते। महानगरेषु कार्यं कुर्वन्तः सहस्राणि जनाः स्वदेशं प्रत्यागच्छन्ति, येन रेलयानानां दीर्घकालं प्रतीक्षासूची भवति, विमानभाडा च तीव्रवृद्धिः भवति स्थितिः तादृशी अस्ति यत भारतीयरेलवेद्वारा उत्सवस्य कृते संचालिताः विशेषरेलयानानि अपि पूर्णतया बुकं भवन्ति, तेषां प्रतीक्षासूचिकाः च निरन्तरं वर्धन्ते।

दिल्ली-पटना-मार्गः सर्वाधिकं तनावपूर्णः इति दृश्यते । डीबीआरटी राजधानी एक्स्प्रेस् (१२४२४) इत्यस्य २ मार्च दिनाङ्के ११४ यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति, ३ मार्च दिनाङ्के ११३ यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति। एतत् पटनाराजधानी (१२३१०) इत्यस्य प्रतीक्षासूची तृतीय एसी वर्गे १३० यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति, ३ मार्च दिनाङ्के ९५ यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति पुष्टिकृतानि टिकटानि प्राप्नुवन्तु। दिल्ली-लखनऊ-मार्गे अपि यात्रिकाणां प्रचण्डः दौर्गन्धः दृश्यते। वण्डे भारत एक्स्प्रेस् (२२४२६) इत्यस्य २ मार्च दिनाङ्कस्य कृते ७४ यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति, ३ मार्च दिनाङ्के ४२ यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति। शतबदी एक्स्प्रेस (१२००४) इत्यस्य २ मार्च दिनाङ्के चेयर कार वर्गे ६६ यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति। होली स्पेशल् रेलयानं (०४२१४) अपि २ मार्च दिनाङ्कस्य कृते पूर्णा अस्ति, यत्र ९ मार्च इत्यस्य प्रतीक्षासूची अस्ति दिल्ली-डिब्रुगढ-मार्गे स्थितिः भिन्ना नास्ति। डीबीआरटी राजधानी (१२४२४) इत्यस्य २ मार्च दिनाङ्कस्य ९७ यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति तथा च मार्च ३ दिनाङ्कस्य ४९ यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति। डीबीआरजी राजधानी इत्यस्य २ मार्च दिनाङ्के ८४ यात्रिकाणां प्रतीक्षासूची अस्ति। दीर्घदूरगामिषु रेलयानेषु वर्धमानः जनसमूहः स्पष्टतया सूचयति यत् पूर्वोत्तरं बिहार-उत्तरप्रदेशं च गच्छन्ति विशेषतः।

## राशिफल

**मेष** : बात संभलकर करें। कामकाज में धैर्य रखें, जल्दबाजी नुकसान करा सकती है। सेहत ठीक रहेगी।

**वृषभ** : खर्च भी उसी तेजी से निकल सकता है। यात्रा से खास फायदा नहीं दिख रहा, जरूरी न हो तो टाल दें।

**मिथुन** : एक काम पर फोकस रखना बेहतर रहेगा। पैसों के मामले में अचानक खर्च आ सकता है, इसलिए बजट का ध्यान रखें।

**कर्क** : सेहत के लिहाज से पानी ज्यादा पिएं। लंबी अवधि के निवेश की सोच से वित्तीय सुरक्षा अधिक मजबूत महसूस होगी।

**सिंह** : कोशिश करें कि समय निकाल सकें। बस गुस्से और अहंकार से बचना जरूरी है, तभी काम आसानी से बनेंगे।

**कन्या** : दया कमजोरी नहीं है; यह अभी आपके लिए सबसे सही तरीका है। आपकी बातों को अहमियत मिलेगी।

**तुला** : निजी जीवन में सादगी और शांति बनी रहेगी। कभी-कभी पैसे कमाने के नए रास्ते भी आजमाने चाहिए।

**वृश्चिक** : बातचीत अच्छी रहेगी और मन हल्का महसूस करेगा। तनाव से दूर रहना फायदेमंद होगा।

**धनु** : आप जो जवाब ढूंढ रहे हैं, वह बिना पूछे ही मिल जाएगा। चुप रहना आपके सोचने को साफ करता है।

**मकर** : आपको उन चीजों से दूर रहना है, जो आपकी ऊर्जा या ध्यान के लायक नहीं हैं। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** : जीवन में ऊर्जा और उत्साह भरपूर होगा। आय के नए साधनों से धन लाभ होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**मीन** : सामना करना पड़ सकता है। पैसों में अचानक खर्च से बचें। खुद को थोड़ा समय देना फायदेमंद रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# जल का वास्तु और खुशहाली का द्वारः घर में जल स्रोतों की सही दिशा बदल देगी आपकी किस्मत

हिंदू संस्कृति और वास्तु शास्त्र में 'जल' को पंचतत्वों में सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। जल न केवल जीवन का आधार है, बल्कि यह धन, सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति का संवाहक भी है। वास्तु विज्ञान के अनुसार, जल का सीधा संबंध हमारे जीवन की आर्थिक स्थिति और स्वास्थ्य से होता है। अक्सर हम घर बनवाते समय सुंदरता पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन पानी के नल, टैंक या वाश बेसिन की दिशा को नजरअंदाज कर देते हैं। यही छोटी सी चूक घर में कलह, आर्थिक तंगी और बीमारियों का कारण बन सकती है। पंडित चंद्रशेखर नेमा ‘हिमांशु’ के अनुभवों और वास्तु के प्राचीन सिद्धांतों के आधार पर, यहाँ जल से जुड़ी वस्तुओं के लिए सही दिशाओं का विस्तृत विवरण दिया जा रहा है:

**ईशान कोणः** जल स्थापना के लिए दैवीय स्थान वास्तु शास्त्र में उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) को जल का सबसे उत्तम स्थान माना गया है। भगवान शिव और जल के देवता वरुण का आधिपत्य होने के कारण, घर के इस कोने में जल का स्रोत होना अत्यंत शुभ फलदायी होता है। यदि आप घर में नया निर्माण करा रहे हैं, तो पानी के नल, शावर और पीने के पानी की व्यवस्था इसी दिशा में करें। ईशान कोण में जल होने से घर के सदस्यों की बुद्धि प्रखर होती है और परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।

**उत्तर दिशाः** धन के आगमन का मार्ग वाश बेसिन और हाथ धोने की जगह को हमेशा उत्तर या उत्तर-पूर्व (ईशान) दिशा में ही बनाना चाहिए। उत्तर दिशा कुबेर की दिशा मानी जाती है। यदि यहाँ जल का प्रवाह सही दिशा में हो, तो घर में धन का आगमन निरंतर बना रहता है। वाश बेसिन लगाते समय ध्यान रखें कि उसका पानी उत्तर या पूर्व की ओर बहे। यह व्यवस्था व्यापार में उन्नति और नौकरी में प्रमोशन के मार्ग प्रशस्त करती है।

**आग्नेय कोणः** गीजर और हीटिंग उपकरणों का स्थान पानी को गर्म करने वाले उपकरण जैसे गीजर या बॉयलर के लिए वास्तु का नियम थोड़ा अलग है। चूंकि ये उपकरण जल और अग्नि के मेल से चलते हैं, इसलिए इन्हें घर के दक्षिण-पूर्व (आग्नेय कोण) में लगाना सबसे उपयुक्त है। आग्नेय कोण अग्नि तत्व का स्थान है, यहाँ गीजर होने से घर की ऊर्जा संतुलित रहती है और बिजली से जुड़ी दुर्घटनाओं का खतरा कम होता है। कभी भी गीजर को ईशान कोण में न लगाएं, वरना यह वास्तु दोष पैदा कर सकता है।

बाथ टब और स्नान क्षेत्र की व्यवस्था नहाने के लिए उपयोग में आने वाला बाथ टब भी उत्तर या ईशान कोण में रखना श्रेष्ठ है। स्नान करते समय यदि आपका मुख उत्तर या पूर्व की ओर रहता है, तो यह स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। इससे शरीर में ताजगी बनी रहती है और दिन भर सकारात्मक विचार आते हैं। बाथ टब को कभी भी दक्षिण दिशा में नहीं रखना चाहिए, क्योंकि यह दिशा यम की मानी जाती है और यहाँ जल का संचय मानसिक तनाव बढ़ा सकता है।

**निकासी व्यवस्थाः** नकारात्मकता को बाहर करने का रास्ता घर से गंदे पानी (ड्रेनेज) की निकासी की व्यवस्था हमेशा उत्तर या पूर्व दिशा में ही करवानी चाहिए। वास्तु के अनुसार, यदि घर का गंदा पानी दक्षिण या पश्चिम दिशा से निकलता है, तो यह संचित धन को धीरे-धीरे खत्म कर देता है और परिवार के मुखिया के मान-सम्मान में कमी लाता है। सुनिश्चित करें कि ड्रेनेज पाइप ढके हुए हों और पानी का बहाव बिना किसी रुकावट के उत्तर की ओर हो।

**टपकता नलः** धन हानि और दुर्भाग्य का संकेत वास्तु शास्त्र में सबसे महत्वपूर्ण चेतावनी पानी के टपकते हुए नलों को लेकर दी गई है। यदि आपके घर के किसी भी कोने में नल या शावर से पानी लगातार टपक रहा है, तो इसे तुरंत ठीक करवाएं। टपकता हुआ पानी 'व्यर्थ बहते धन' का प्रतीक है। ज्योतिषीय दृष्टिकोण से, इससे वरुण देव और चंद्र ग्रह दोनों नाराज होते हैं, जिससे घर में कर्ज बढ़ता है, बीमारियाँ पैर पसारती हैं और बेवजह के खर्चे बढ़ जाते हैं।

**छत पर पानी की टंकीः** पश्चिम और दक्षिण का मेल जहाँ घर के अंदर के नल उत्तर-पूर्व में होने चाहिए, वहीं छत पर रखी पानी की टंकी (ड5ीर्ींिळंल्ल‘) के लिए दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य कोण) या पश्चिम दिशा सबसे अच्छी मानी जाती है। छत पर ईशान कोण में भारी टंकी रखना वास्तु सम्मत नहीं है, क्योंकि यह कोना हल्का और खुला होना चाहिए। पश्चिम दिशा में भारी जल संचय परिवार के स्थायित्व और सुरक्षा को बढ़ाता है।

पीने के पानी का पात्र और रसोई का वास्तु रसोई घर में पीने के पानी का मटका, सुरही या वाटर प्यूरीफायर रखने के लिए उत्तर-पूर्व कोना ही चुनें। यदि वहां जगह न हो, तो पूर्व दिशा का उपयोग करें। ध्यान रखें कि पीने का पानी कभी भी रसोई के चूल्हे (आग) के बिल्कुल पास न रखा हो। आग और पानी का विरोध घर के सदस्यों के स्वभाव में चिड़चिड़ापन और आपसी मतभेद पैदा कर सकता है।

## खबर एक नजर...

### प्रिंसिपल को भारी पड़ा शादी में हर्ष फायर करना

उज्जैन। नागदा के ग्राम कलसी में मांगूसिंह के खेत के पास शादी समारोह में 12 बोर की दो नाली बंदूक से हर्ष फायर करना प्रायवेट स्कूल के प्रिंसिपल मारिया शेखावत को भारी पड़ गया। 19 फरवरी को किये गये हर्ष फायर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और मामले में रविवार को मारिया शेखावत के खिलाफ 25 (ए) आयुध अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर लिया। नागदा पुलिस के अनुसार प्रकरण संजय शर्मा निवासी श्रीराम कालोनी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। बंदूक लायसेंसी होना सामने आई है। प्रिंसिपल अपने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र के परिवार में आयोजित शादी समारोह में पहुंचे थे।

### युवक का अपहरण करने वालों को भेजा गया जेल

उज्जैन। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के सुन्दराबाद फंटा से पानी पताशी का ठेला लगाने वाले विजयसिंह का इको कार क्रमांक एमपी 09 झेड एल 5301 में आये प्रहलाद खेरवाल, राघवेंद्र कुशवाहा, रणजीत डोडिया और सुनील कुशवाहा निवासी बड़नगर ने चाकू की नोंक पर अपहरण कर लिया था। पुलिस ने 10 किलोमीटर पीछा करने के बाद चारों को बड़नगर के पास ग्राम जस्साखेड़ी से हिरासत में लेकर विजयसिंह को मुक्त कराया था और मामले में अपहरण के साथ फिरौती मांगने का प्रकरण दर्ज कर ईको कार को जप्त किया था। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि चारों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मामला प्रेम प्रंसग से जुड़ा था, अपहृत विजयसिंह का पुत्र 2 साल पहले राघवेंद्र की बेटी को लेकर चला गया था और शादी कर ली थी। इसी बात को लेकर पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया था।

### हीरामिल तलाब में महिला ने किया कूदने का प्रयास

उज्जैन। हीरामिल की चाल स्थित तालाब में सोमवार सुबह एक महिला ने कूदने का प्रयास किया। महिला के पीछे ही उसके परिजन भी पहुंच गये थे। महिला का बचा लिया गया और अपने साथ ले गये। मामले की जानकारी लगने पर देवासगेट थाना पुलिस तालाब के पास पहुंची और लोगों से पूछताछ की, इस दौरान सामने आया कि महिला को बचाकर बिना नम्बर की काले रंग की कार में ले जाया गया है। महिला कहां की रहने वाली थी इस बात की जानकारी नहीं है। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि घटनाक्रम का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से काले रंग की गाड़ी की जानकारी जुटाई गई, लेकिन कुछ सामने नहीं आया।

### जहर खाकर महिला ने किया जान देने का प्रयास

उज्जैन। कमल कालोनी में रहने वाली 21 वर्षीय रोशनी पति लवकुमार ने घर पर जहीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उपचार के लिये भर्ती किया है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस द्वारा बयान दर्ज किये जायेंगे उसके बाद ही महिला द्वारा जहर खाने का कारण स्पष्ट हो पायेगा। संभावना जताई जा रही है कि पारिवारिक विवाद के चलते उसने ऐसा कदम उठाया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 148-3 |
| मेन बाजार | 117-9 | 469-9 |
| मिलन डे | 334-0 | 456-5 |
| मिलन नाइट | 466-6 | 126 -9 |

4 5 8

## बैठक में संचालकों को हिदायत, भरवाया गया बाउंड

# मानक डेसीबल सीमा में संचालित हो डीजे साउंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिये सोमवार को जिले में पुलिस द्वारा डीजे संचालकों को बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण और आमजन के साथ विशेषकर विद्यार्थियों की सुविधा सुनिश्चित करना था।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा में निर्देश पर जिले के सभी थानों पर पुलिस द्वारा डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की। हर थाना क्षेत्र में डीजे संचालित करने वालों को बुलाया गया और दिशा-निर्देश जारी कर हिदायत दी गई कि शहर की कानून व्यवस्था के साथ शांति को बनाये रखने के लिये साउंड सिस्टम का संचालक मानक डेसीबल और नियमों के साथ किया जाये। नियमों का उल्लघंन करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में विशेषकर विद्यार्थियों के हितों का ध्यान रखा गया और बताया कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षा के साथ सभी कक्षाओं की फायनल परीक्षा चल रही है। साउंड सिस्टम से उन्हे असुविधा ना इसका खास ध्यान रखा जाये। परीक्षा के दौर में विद्यार्थियों की एकाग्रता नहीं टूटनी चाहिये और पढ़ाई में बाधा नहीं आनी चाहिये। रात 10 बजे बाद डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।



**शाम ढलते ही पुलिस ने शुरू की पेट्रोलिंग-** महाकाल मंदिर में होलिका दहन के बाद शहर में रंग-गुलाल उड़ने लगा था। शहरवासी रंगों की मस्ती में डूबने लगे थे। सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस ने पेट्रोलिंग शुरू कर दी थी। हर थाना क्षेत्र में जहां होलिका दहन होना है, वहां आयोजकों से चर्चा कर शांति सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की जा रही थी। प्रमुख चौराहों पर भी पेट्रोलिंग जारी थी और नशा कर वाहन चलाने वालों के साथ हुडदंगियों पर नजर रखी जा रही थी।

### सांस्कृतिक के साथ मर्यादा शालीनता बनाये

डीजे संचालकों की बैठक के दौरान पुलिस ने कहा कि त्यौहारों के दौरान शहर के सौहार्द को बनाए रखे। सार्वजनिक स्थानों पर केवल मर्यादित और सभ्य गीत ही बजाए जाएं। किसी भी प्रकार के अश्लील या भड़काऊ गीतों के प्रसारण पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। रात्रि में बीमार, बुजुर्गों और आम नागरिकों को डीजे साउंड की वजह से परेशानी नहीं आना चाहिये।

### संचालकों से कराये बांड पर हस्ताक्षर

बैठक में दिशा-निर्देश जारी करने और हिदायत देने के बाद पुलिस द्वारा सभी डीजे संचालकों से नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिये बांड ओवर पत्र पर हस्ताक्षर कराये गये और कहा गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार के नियमों का उल्लघंन नहीं किया जायेगा। पुलिस नियमों का पालन कराने के लिये प्रतिबद्ध है।

## कार्मल स्कूल के पास मिली लाश की शिनाख्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कार्मल स्कूल के पास सोमवार दोपहर एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक के पास पहचान का दस्तावेज नहीं मिला। शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज पहचान के प्रयास शुरू किये गये। शाम को परिचितों ने उसकी पहचान कर ली।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची थी। मृतक 35 से 40 साल का प्रतीत हो रहा था। उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया और मर्ग कायम कर शिनाख्त के प्रयास शुरू किये गये। शाम को पता चला कि मृतक लोकेन्द पिता गोविंददास शर्मा निवासी रामद्वार मिचीर्नाला क्षेत्र का रहने वाला है। उसके परिजनों को सूचना दी गई। परिचितों ने अस्पताल पहुंचकर उसकी पहचान की। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था संभवतः अधिक शराब पीने से उसकी मौत हुई। जानकारी यह भी सामने आई है कि आगररोड शराब दुकान के पास से उसका दो पहिया वाहन भी मिला है। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का सही कारण सामने आ पायेगा।

## देसाईनगर में बदमाश के पास मिला 16 इंच का चाकू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गश्त पर निकली पुलिस को खबर मिली कि देसाईनगर में चौराहा पर एक बदमाश वारदात की नियत से चाकू लेकर घूम रहा है। पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिये देसाईनगर का रूख किया। बदमाश ने भागने का प्रयास किया जिसे पीछा कर पकड़ा गया तो 16 इंच लम्बा चाकू बरामद हो गया।



माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि बीती रात गश्त के दौरान खबर मिली थी एक बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। तत्काल आरक्षक अशोक, अरूण और गोपाल के साथ देसाईनगर बदमाश की तलाश में पहुंचे। इस दौरान चौराहा पर घूम रहे बदमाश ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर संतानेश्वर महादेव मंदिर के पास से पकड़ा। बदमाश की तलाशी लेने पर उसके पास से 16 इंच लम्बा चाकू बरामद हो गया। बदमाश को हिरासत में थाने लाया गया, जहां पूछताछ में उसका नाम आदित्य पिता महेश उर्फ पट्टू चावरे 26 साल निवासी वाल्मिकी कालोनी सामने आया। धारदार चाकू बरामद होने पर 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। एएसआई गौतम के अनुसार बदमाश के आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ वर्ष 2014 से अब तक कई धाराओं में प्रकरण दर्ज हो चुके है। पूर्व में हत्या के प्रयास, छेड़छाड़, लज्जा भंग, मारपीट, चाकूबाजी का आरोपी रह चुका है। वर्ष 2021 में रासुका में जेल भी जा चुका है। पिछले वर्ष जिलाबदर भी किया गया था। चाकू बरामद होने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

# मंडी में किसानों की उपज चुराने के आरोप में कांग्रेस ने दिया धरना

## प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करने लगे, कांग्रेस ने कहा शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन अनिश्चितकालीन के लिए जारी रहेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंडी में उपज लेकर पहुंचे किसान ने व्यापारी पर तौल कांटे से धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। चार-पांच दिन बीत जाने के बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उज्जैन जिला कांग्रेस ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। बताया जाता है की तौल कांटे में गड़बड़ी कर 107 किलो की बोरी को 95 किलो का बताया जा रहा था जिससे किसानों की उपज कम दिख रही थी जिससे उनको नुकसान हो रहा था। ताजपुर निवासी किसान इदरीश खान जब अपनी फसल नीलामी के लिए मंडी लेकर पहुंचे तो उन्होंने बताया कि उनके साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी हुई। किसान ने इसकी सूचना किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जाट को दी। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को शिकायत की गई। लेकिन अभी तब कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिसके चलते किसानों में आक्रोश है। 5 दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता सोमवार को मंडी में धरने पर बैठ गए और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कांटे से प्रति क्विंटल पांच से 20 किलो तक की चोरी पकड़ी गई है और किसानों पर अब समझौते का दवाब बनाया जा रहा है। उन्होंने पांचों व्यापारियों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की। धोखाधड़ी का एक वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।



धरना प्रदर्शन में तराना विधायक महेश परमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी भी मौजूद थे। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन अनिश्चितकालीन तक जारी रहेगा। उन्होंने कलेक्टर से चर्चा का हवाला देते हुए किसानों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। मंडी प्रशासन ने बताया कि नापतोल विभाग द्वारा भी इस मामले में कार्रवाई की जा रही है संबंधित व्यापारी की आईडी बंद कर दी गई है और उसका लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com